# भाजपा मनाली मंडल की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक कटराई में संपन्न

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**



भाजपा मनाली मंडल की दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक कटराईं में भाजपा मनाली मण्डल अध्यक्ष दुर्गा सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन हुई। दो दिवसीय भाजपा मनाली मंडल कार्यसमिति बैठक के समापन अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि लोक लुभावने वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब उन वादों को पूरा करने में आनाकानी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद 10 दिन में पहली कैबिनेट कर ओपीएस देने का नारा लगाने वाले कांग्रेसी नेता 1 महीने तक अपने कैबिनेट नहीं बना पाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आर्थिक कंगाली का रोना रोने वाली कांग्रेसी नेताओं ने हिमाचल जैसे छोटे राज्यों में उपमुख्यमंत्री और 6 मुख्य संसदीय सचिव बनाकर प्रदेश में फिजूलखर्ची को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि कर्ज लेने के मामले में पिछली भाजपा सरकार को पानी पी पीकर कोसने वाले कांग्रेसी नेताओं ने सरकार बनाने के बाद 50 दिनों में ही 15 सौ करोड रुपए का कर्जा 6 प्रतिशत ब्याज पर लिया और 1500 करोड़ रुपये का कर्जा लेने की तैयारी चल रही है जिसे स्पष्ट होता है कि सरकार के कारण धाराओं के बयान ही नहीं उनके कामों में विरोधाभासी है। पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाले नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जबसे प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है प्रदेश में अव्यवस्था का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि महंगाई का राग अलापने वाले कांग्रेसी नेताओं ने जिस तरह से सत्ता में आने के बाद 3 रुपये लीटर डीजल व 9 रुपये लीटर सरसों का तेल महंगा किया उसकी भाजपा कड़े शब्दों में निंदा करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा मनाली मंडल कार्यसमिति की बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि नवगठित कांग्रेस सरकार के इन जनविरोधी फैसलों के खिलाफ प्रदेश में जनमत तैयार कर जन आंदोलन खड़ा करेगी।

इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2023-24 के जन हितैषी बजट के लिए प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस बजट से हिमाचल प्रदेश की जनता को मिलने वाले अनेक फायदे व प्रदेश के विकास के लिए अनेक परियोजनाओं विशेष रूप से तीन रेलवे परियोजनाओं भानुपाली बरमाणा, चंडीगढ़ बद्दी और नंगल तलवाड़ा के लिए 1902 करोड रुपए के बजट का प्रावधान करने के लिए आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्षा धनेश्वरी ठाकुर, जिला अध्यक्ष भीम सेन शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# पांवटा साहिब पुलिस ने युवक से 97 ग्राम चरस पकड़ी




**नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब में एक व्यक्ति से 97 ग्राम चरस बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को धर दबोचा, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को चरस बरामद हुई।

इस बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी रामाकांत ठाकुर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नजदीक खोडोंवाला समय करीब 2.55 बजे गांव चिलोई सडक खोडोवाला खाला से मेहरुवाला पर गांव चिलोई रास्ते की ओर जा रहा है। उन्होंने जब इस व्यक्ति जिसने अपने दाहिने हाथ में हरे रंग का पॉलिबेग पकड़ा हुआ था। जिसे रोका गया तथा उसका नाम व पता पूछा गया, जिसने पुछने पर अपना नाम कांशीराम स्व. रंगी लाल निवासी गांव चिलोई भंगानी उम्र 48 वर्ष बताया। जिसके दाहिने हाथ में पकड़े पॉलीबेग हरे रंग की तलाशी ली तो पॉलीबेग में लगी एक गांठ को खोलकर चैक किया जिसके अन्दर एक बतीनुमा पदार्थ पाया गया, जो सुंघने व अनुभव के आधार पर चरस पाई गई। जिसे तोला गया तो तोलने परचरस पाई गयी जो कुल वजन 97 ग्राम रही।

# अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्री महोत्सव में स्थानीय चार संस्थाओं की अनदेखी पर जताया रोष

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**



अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव-2023 में सेरी मंच पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में मंडी की स्थानीय चार संस्थाओं की अनदेखी को लेकर रोष जताया गया। जिसको लेकर उपयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेज कर शिकायत की गई। मंडी की स्थानीय सांस्कृतिक संस्थाएं मांडव्य कला मंच, नव ज्योति कला मंच, संवाद युवा मंडल और जागृति कला मंच जैसी संस्थाएं अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान कायम कर चुकी है। इसके अलावा साल भर ये संस्थाएं स्थानीय स्तर के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाती रही है। इन संस्थाओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंडी के लोकनृत्यों, नाटकों के माध्यम से मंडी जिला का नाम राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दी है। वहीं पर मंडी में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिवरत्रि महोत्सव में इन संस्थाओं को मुख्य सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता रहा है। मगर इस बार इन संस्थाओं को शिवरात्रि महोत्सव-2023 की सांस्कृतिक संस्थाओं में आवेदन देने के बावजूद भी अनदेखी की गई। सांस्कृतिक उप-समिति द्वारा बार-बार स्थानीय संस्थाओं व लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का बार-बार अलाप जपती रही। इसके अतिरिक्त रात्रि कार्यक्रमों में सिर्फ गायन को ही अधिमान दिया गया। जबकि मंडी जनपद के लोकनाट्य बाठ्ड़ा, बुढड़ा, लोकनृत्य लुड्डी, नाटी व प्रहसन आदि जैसी अन्य विधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया।

# देव कमरुनाग के दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**



बड़ा देव कमरुनाग शिवरात्रि महोत्सव के समाप्त होने के बाद भी कुछ दिन छोटी काशी मंडी में रहकर अपने भक्तों का आतिथ्य स्वीकार कर रहे हैं तथा भक्तों के निमंत्रण पर उनके घर जा रहे हैं आज सामाजिक संस्था वीर मंडल के निमंत्रण पर बड़ा देव कमरू नाग ने बंगलेश्वरी महामाया मंदिर में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। वीर मंडल के प्रधान चंद्रशेखर ने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव के दौरान जब बड़ा देव तारना मंदिर में विराजमान होते हैं तो कई बुजुर्ग उनके दर्शन के लिए तारना नहीं जा पाते। जिसके लिए उन्होंने तथा उनकी संस्था ने मिलकर यह निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष बड़ा देव कमरुनाग को बंगलेश्वरी महामाया मंदिर में विराजकर भए हैं।

उन्होंने बताया कि कल बड़ा देव कमरुनाग अपने मूल स्थान की ओर रवाना हो जाएंगे और 10 या 11 तारीख को अपने मूल स्थान पहुंच जाएंगे। बड़ा देव कमरुनाग ने बंगलेश्वरी महामाया मंदिर में सुबह 9 बजे से लेकर 10 बजे तक मंदिर में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए।

# पंचायतों में 4 मार्च तक किया जाएगा प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**



उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग ओम कान्त ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान घर द्वार के समीप करने के उद्देश्य से प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 मार्च को ग्राम पंचायात सरत्योला और सवामाहू तथा 4 मार्च को ग्राम पंचायत शोरशन में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

एसडीएम ने करसोग उपमंडल में स्थित विभिन्न विभागों जैसे कि पंचायती-राज खंड विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशु-पालन, कृषि, बागवानी, राजस्व, आगंनबाड़ी इत्यादि विभागों के विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि प्रशासन गांव की ओर जनता के द्वार कार्यक्रम के लिए निर्धारित की गयी तिथियों के अनुसार सम्बंधित विभाग से किसी अधिकारी, करर्मचारी, निरीक्षक, पर्यवेक्षक को समयवदध सूचित कर दें, ताकि जनता के लिए एक ही स्थान पर बहुत सारी समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से जनहित में किया जा सके। प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम करसोग, ओम कान्त ठाकुर करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं ताकि लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर ना लगाने पड़े।

# सेवानिवृत्ति पर सहायक सूचना अधिकारी धीमान को दी विदाई



**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में सहायक सूचना अधिकारी टेक्निकल के रूप में कार्यरत निर्दोष धीमान मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया और उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।सेवाकाल के दौरान हमीरपुर के अलावा पांगी, मंडी, ऊना और बिलासपुर में भी दी सराहनीय सेवाएं। निर्दोष धीमान ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में ढाई दशक पूर्व जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय हमीरपुर से ही अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। इसके बाद उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सबसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में से एक पांगी में भी सराहनीय सेवाएं दीं। जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय मंडी, ऊना और बिलासपुर में भी उनके कार्यकाल को याद किया जाता है। हमीरपुर में सहायक सूचना अधिकारी टेक्निकल के रूप में निर्दोष धीमान के सेवाकाल की चर्चा करते हुए जिला लोक संपर्क अधिकारी अनिल गुलेरिया ने कहा कि इस दौरान उन्होंने सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार, आम लोगों से संपर्क, ध्वनि प्रसार सेवाओं, मीडिया प्रबंधन तथा विभाग के अन्य कार्यों को बड़ी कुशलता एवं दक्षता के साथ अंजाम दिया। इस अवसर पर सहायक लोक संपर्क अधिकारी शहजाद बेग अन्य कर्मचारियों मिंडूल सिंह, देवेंद्र पठानिया, बबीता चौधरी, संजीव शर्मा, राजेश बडोगा, बलजीत सिंह, अश्वनी सोहारू, सौरभ शुक्ला, जीवन लता, इंद्रजीत सिंह, देशराज, राम चंद, श्रीकांत और शिवानी ने भी निर्दोष धीमान को शुभकामनाएं दीं।

# आईआईटी मंडी के अग्रणी आयोजन प्रयास 2.0 में उत्तर प्रदेश के स्कूलों के विद्यार्थी व शिक्षक आमंत्रित

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मंडी के सतत शिक्षा केंद्र सीसीई ने अपने आयोजन प्रयास 2.0 में उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को आमंत्रित किया है। यह समर कैंप 5 जून से 4 जुलाई, 2023 तक चलेगा। संस्थान ऐसे छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अग्रणी भूमिका निभाने और इनोवेटर बनने के लिए प्रेरित करने लक्ष्य से यह विशेष कार्यक्रम करता है। इसमें मेंटरों के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास, नवाचार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजन में इस बार छात्र न केवल रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के बारे में सीखेंगे बल्कि उन्हें कार्य रूप देंगे और फिर उन्हें वास्तविक जीवन से जोड़ेंगे। साथ ही ऐसे विचार सामने रखेंगे जो दुनिया को बदलने में सक्षम होंगे। कम उम्र के इन छात्रों के लिए इस समर कैंप का महत्व बताते हुए डॉ. तुषार जैन, प्रमुख, सत्तत शिक्षा केंद्र, आईआईटी मंडी ने कहा प्रयास 1.0 काफ ी सफ ल रहा था। इससे उत्साहित होकर हमने यूपी सरकार के लिए इस कार्यक्रम का विस्तार किया है। इसमें छात्रों और शिक्षकों सहित कुल 200 लोगों का एक बैच भाग लेगा। आयोजन पूरी तरह आवासीय है और प्रतिभागियों को रोबोटिक्स, प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के अंत में एक प्रतियोगिता भी होगी ताकि उनके नवाचारों और नए विचारों की समझ का पता चले। उनके प्रशिक्षण और प्रोटोटाइप के विकास के लिए आईआईटी मंडी में अनुकूलित रोबोटिक्स प्रदान किए जाएंगे। डॉ. तुषार जैन ने कहा कि यूपी के शिक्षकों और छात्रों को ये कौशल प्रदान करने में सहयोग देने के लिए हम यूपी एसडीएम का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस कैंप में छात्रों और शिक्षकों को आईआईटी मंडी का अनुभव और फैकल्टी के सदस्यों से सीखने और शोधार्थियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण लेने का अवसर मिलेगा। हमारे संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स का एक केंद्र है जहां उनके प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला की सभी सुविधाएं मिलेंगी। इस अग्रणी कार्यक्रम के लिए पंजीकरण शुरू है और यह 10 मार्च 2023 को समाप्त होगा। कैंप के लिए योग्यता परीक्षा आयोजित कर 100 विद्यार्थी चुने जाएंगे और उन्हें पूरी तरह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आईआईटी मंडी आमंत्रित किया जाएगा। परिणाम 15 मई, 2023 को घोषित किए जाएंगे। समर कैंप के बाद विद्यार्थियों को उनके प्रशिक्षण के आधार पर एक प्रोजेक्ट बनाना होगा और फिर सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट के चयन के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह पहल आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कम उम्र में विद्यार्थियों को आईआईटी की उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाने के उद्देश्य से की है।

# किशोरावस्था एक बहुत ही नाजुक दौर: एनआर ठाकुर

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी के द्वारा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में किशोरावस्था शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आययोजित किया।कार्यक्रम में मंडी जिला के 162 स्कूलों के 320 अध्यापक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त जिला जन सूचना एवं स्वास्थ्य अधिकारी एनआर ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्कूली स्तर पर कैसे जागरूक किया जाए इस पर अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के उपरांत एनआर ठाकुर ने बताया कि किशोरावस्था एक बहुत ही नाजुक दौर होता है जिसमें बच्चे को अधिक मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है तथा अध्यापक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि आज अध्यापकों को स्कूली बच्चों के बीच किशोरावस्था से संबंधित शारीरिक व मानसिक बदलाव, नशीले पदार्थ का दुरुपयोग, एचआईवी एड्स एवं कम उम्र में होने वाले विवाह से हुए दुष्परिणाम की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा यहाँ से प्रशिक्षण लेकर सभी अध्यापक स्कूली स्तर पर बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देंगे। डाइट मंडी की हिंदी अध्यापक सविता ने बताया कि आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंडी द्वारा दुरावस्था शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें 320 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरावस्था में बच्चों को शारिरिक व मानसिक बदलाव,नशीले पदार्थों के प्रति जागरूक करना है जिसको लेकर स्कूली अध्यापकों को जागरूक किया जा रहा हैं।

# एसडीएम करेंगे छात्र निर्मम पिटाई की जांच: आशुतोष गर्ग

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**



कुल्लू जिला के उपमंडल बंजार के सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटला में एक छात्र की निर्मम पिटाई मामले में एसडीएम बंजार मामले की जांच करेंगे। उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने इस मामले में एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। डीसी आशुतोष गर्ग ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी। गौर रहे कि छात्र को सिर्फ एक अध्यापक ने नहीं पीटा बल्कि तीन अध्यापकों ने पिटाई कर डाली जिसमें एक अध्यापिका भी शामिल है। बच्चे की गलती सिर्फ यह थी कि छुट्टी होने से पहले वह अपने सहपाठी के साथ मजाक कर रहा था और दोनों आपस में खूब हंस रहे थे। 12वीं कक्षा छात्र देवेंद्र शर्मा की पिटाई पहले मिडिल स्कूल के अध्यापक ने की। अब सवाल यह उठता है कि 12वीं की कक्षा में आठवीं का अध्यापक क्या करने आया था। छात्र देवेंद्र शर्मा के पिता कृष्ण शर्मा ने बताया कि वह किसी समारोह में बाहर गए थे और उन्हें घर आकर तब पता चला जब गांव में चर्चा चली थी कि उनके बेटे की अध्यापकों ने पिटाई कर डाली। उन्होंने कहा कि उनका बेटा मानसिक रूप से परेशान है और उसने दूसरे दिन अपने पिता के पूछे जाने पर बताया कि इस तरह की घटना घटी है। उन्होंने विभाग व जिला प्रशासन से मांग की है कि इस तरह के अध्यापकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में सीसीटीवी लगे हुए हैं और उसकी फुटेज निकाल कर जांच की जाए कि मेरे बेटे की पिटाई किस कदर की है। उधर छात्र देवेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कूल में लास्ट पीरियड था और बच्चे घर जाने की तैयारी में थे। उस समय बच्चे आपस में खूब हंस खेल रहे थे और इस बीच छूटी होने से पहले एक मिडिल स्कूल का अध्यापक उनकी क्लास में आया और छात्र देवेंद्र की पिटाई कर डाली जिससे सारे छात्र हैरान रह गए। उसके बाद वह अध्यापक प्रिंसिपल व एक अध्यापिका को अपने साथ लाया और फिर से बच्चे की पिटाई इस कद्र कर डाली कि वह सांस भी नहीं ले पाया। छात्र देवेंद्र ने बताया कि एक अध्यापिका ने उसे सबसे ज्यादा पिटा।

**सीसी टीवी कैमरे में कैद है पिटाई प्रकरण**

अब सीसीटीवी की फु टेज निकलते ही पिटाई की असली तस्वीर सामने आएगी और पता चलेगा कि आखिर मिडिल स्कूल का अध्यापक बार-बार प्लस टू की क्लास में क्या करने आता है। परिवार के लोगों को शक है कि सीसीटीवी के साक्ष्य को मिटाया जा सकता है।

# एसडीएम ने बाबा बालकरूपी मंदिर प्रबंधन समिति के साथ की बैठक

**जोगिंद्रनगर/संगराय**



बाबा बालक रूपी मंदिर गरोडू जोगिंद्रनगर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर कृष्ण कुमार शर्मा ने प्रबंधन समिति बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मंदिर में हुए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी ली तथा चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। साथ ही भविष्य में श्रद्धालुओं को ओर बेहतर सुविधाएं जुटाने के लिए मंदिर प्रबंधन समिति तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार विमर्श भी किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि बाबा बालकरूपी मंदिर इस क्षेत्र के साथ-साथ जिला व प्रदेश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का एक अहम स्थान है। मंदिर में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु बाबा बालकरूपी के दर्शनार्थ एवं विभिन्न धार्मिक मान्यताओं के चलते जोगिंद्रनगर के गरोडू में पहुंचते हैं। ऐसे में आने वाले समय में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। उन्होने कहा कि बाबा बालकरूपी मंदिर का धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से श्रद्धालुओं में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में मंदिर इतिहास से जुड़ी विस्तृत जानकारी को संकलित कर, इसे सार्वजनिक तौर पर मंदिर परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं तक यह जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने बाबा बालकरूपी मंदिर की वेबसाइट निर्मित करने पर भी बल दिया ताकि श्रद्धालुओं को इंटरनेट के माध्यम से भी मंदिर से जुड़ी विस्तृत जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। साथ ही मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण करने, मंदिर की आय बढ़ाने तथा श्रद्धालुओं के लिए ज्यादा सुविधाएं जुटाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। के.के. शर्मा ने कहा कि पूरी पारदर्शिता एवं स्थानीय प्रतिनिधियों के व्यापक सहयोग के साथ मंदिर विकास की प्रत्येक संभावना पर मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होने श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ-साथ मंदिर की आय बढ़ाने के लिए स्थानीय प्रतिनिधियों से सुझाव भी आमंत्रित किये हैं, विभिन्न विकास कार्यों को देखा व गहन निरीक्षण भी किया। इससे पहले जनता जनार्दन समिति बाबा बालकरूपी गरोडू के प्रधान बेली राम ने एसडीएम का स्वागत किया तथा मंदिर विकास के लिए विभिन्न विषयों को चर्चा के लिए प्रस्तुत किया। उन्होने मंदिर परिसर में निर्मित हॉल के विस्तारीकरण, पुस्तकालय की स्थापना, स्थानीय लोगों के विवाह आदि के लिए मंदिर परिसर के बाहर बड़ा हॉल निर्मित करने तथा सेफटी टैंक का निर्माण करने बारे मामला प्रशासन के ध्यान में लाया। एसडीएम ने इन सभी मांगों बारे मंदिर की आय एवं मूलभूत ढांचे की उपलब्धता होने पर इन्हे चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

## सुनेट खड्ड में मिला एक युवक का शव

**फतेहपुर/विजय समयाल**

पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पँचायत सुनेट के साथ लगती सुनेट खड्ड में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन आया है। पंचायत प्रधान अंकुश कुमार ने बताया उन्हें सुबह करीब साढे सात बजे फोन के माध्यम से जानकारी मिली कि सुनेट खड्ड में एक युबक का शव पड़ा है ।जिस पर तुरन्त फ तेहपुर पुलिस को सूचना दी गई। वहीं उन्होंने बताया मृतक युवक प्रदीप कुमार स्पुत्र रजिंदर सिंह समीप ही के गाँव सुनेट का रहने वाला था। जोकि एक गरीब परिवार से सबन्ध रखता था।

उन्होंने सरकार से उक्त परिवार की आर्थिक मदद को अपील की है।

# परवाणू में जिला सोलन भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेस पर बड़ा आरोप, सुरेश कश्यप बोले चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं ने महिलाओं के खाते में डाले पैसे

**परवाणू/विमल ग्रोवर**
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने मंगलवार को कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना है की चुनावो के दौरान कांग्रेस ने महिलाओं को गुमराह करने के लिए उनके फॉर्म भरवाएं व उन्हें 1500 रूपए प्रतिमाह देने का वायदा किया। उन्होंने आरोप लगाया की कई जगह तो महिलाओ में भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस के मंडल स्तर के नेताओ ने कुछ महिलाओ के खाते में 1500 रूपए तक डलवा दिए। अब सरकार अपने किए वायदे से मुकर कर महिलाओ के साथ छल कर रही है। कश्यप ने कहा की प्रदेश की सुक्खू सरकार ढाई महीने की अल्पावधि में ही जनता का विश्वास खो बैठी है। सुरेश कश्यप जिला सोलन के परवाणू में जिला सोलन भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से



बातचीत कर रहे थे। प्रदेश में विधानसभा चुनावों के बाद परवाणू में यह पहली जिला स्तरीय बैठक थी, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, वहीं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजीव सहजल, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम गुलेरिया, जिला सोलन भाजपा अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, भाजपा नेता रतन पाल सिंह भी इस दौरान विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

**8 सरकार बने ढाई महीने हो चुके हैं पर महिलाएं अभी भी इंतजार कर रही है कि कब 1500 रुपए प्रति माह उनको मिलने शुरू होंगे**

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के साथ बड़ा धोखा किया है।

जब विधानसभा चुनाव चल रहा था तब कांग्रेस के नेताओं ने महिलाओं से एक नीले रंग का फॉर्म भरवाया था। फॉर्म भरने के बाद वादा किया गया था की जल्द ही महिलाओं के खाते में 1500 रु प्रति माह मिलने शुरू हो जाएंगे। चुनावों के समय तो कुछ कांग्रेस के नेताओं ने और कांग्रेस पार्टी के मण्डलो के यूनिट ने फॉर्म भरने वाली महिलाओं के खाते में स्वयं 1500 रू डाल दिए थे। अब सरकार बने ढाई महीने हो चुके हैं पर महिलाएं अभी भी इंतजार कर रही है कि कब 1500 रुपए प्रति माह उनको मिलने शुरू होंगे। इस मामले में कभी यह सरकार सब कमेटी का गठन करती है तो कभी उसमें विचार मांगती है। अब तो यह हाल हो गए हैं कि सरकार ने अपने मंत्री द्वारा एक बयान भी जारी करवाया कि अब ग्रामसभा तय करेगी कि 1500 रुपए हिमाचल प्रदेश की किन महिलाओं को मिलेंगे। जब वादा करने की बात आई थी तो हिमाचल की सभी महिलाओं को 1500 देने का वादा कर डाला एपर अब जब वादा पूरा की बात आ रही है तो एक घर से एक महिला को 1500 देने की बात करके घर घर में कांग्रेस सरकार ने दरार पैदा करनी शुरू कर दी है।

# घनश्याम शर्मा सूचना एवं जन संपर्क विभाग से सेवानिवृत्त

**शिमला/चमन शर्मा**
सूचना एवं जन संपर्क निदेशालय, शिमला में लोक संपर्क अधिकारी गीत एवं नाट्य के पद पर कार्यरत घनश्याम शर्मा आज सेवानिवृत्त हो गए। घनश्याम शर्मा ने 03 मई, 1986 को विभाग में सेवाएं आरम्भ कीं। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए सराहनीय कार्य किए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर घनश्याम शर्मा के सम्मान में सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क किरण भड़ाना ने घनश्याम शर्मा द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ जीवन और दीघार्यु की कामना की। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निष्ठा और समर्पण भाव से दी गई सेवाएं सदैव अन्य कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय होती हैं। अतिरिक्त निदेशक आरती गुप्ताए संयुक्त निदेशक प्रदीप कंवरए महेश पठानियाए उप.निदेशक ;तकनीकीद्ध उत्तम चंद कौंडल और विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



## न्यूज फ्लैश

### वी ने किया ईस्पोर्ट्स में प्रवेश वी के यूजर्स को स्पोर्ट्स टूर्नामेंट खेलने के लिए प्लेटफ्रॉम उपलब्ध कराया

**शिमला**: वी ऐप पर 1200 से अधिक मोबाइल गेम्स, मल्टीप्लेयर एवं कॉम्पीटीटिव गेम्स के साथ वी गेम्स के सफल लॉन्च के बाद भारत के जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता ने आज ईस्पोर्ट्स के साथ अपने मोबाइल गेमिंग कैटलॉग के विस्तार की घोषणा की है ।अग्रणी ईस्पोर्ट्स स्टार्ट-अप गमेरजी के साथ साझेदारी में वी ने वी गेम्स के तहत वी ऐप पर ईस्पोर्ट्स प्लेटफ्रॉम का लॉन्च किया है ।वी गेम्स, गमेरजी के साथ साझेदारी में विभिन्न श्रेणियों जैसे बैटल रॉयल , रेसिंग, क्रिकेट, एक्शन रोल प्लेइंग आदि में लोकप्रिय ईस्पोर्ट्स गेम्स लेकर आया है। वी ऐप को गेमिंग प्रेमियों के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने के उद्देश्य से लॉन्च के दौरान इस प्लेटफ्रॉम पर लोकप्रिय ईस्पोर्ट्स टाइटल पेश किए जाएंगे जैसे न्यू स्टेट, फ्री फायरमैक्स, कॉल ऑफ ड्यूटी मोबाइल, वर्ल्ड क्रिकेट चैम्पियनशिप 3, एस्फाल्ट 9, क्लैश रॉयल आदि और आने वाले समय में कई अन्य लोकप्रिय टाइटल भी लाए जाएंगे ।पिछले कुछ सालों के दौरान भारत ईस्पोर्ट्स के लिए हब बन गया है ।फिक्की-ईवाय मीडिया एण्ड एंटरटेनमेन्ट रिपोर्ट 2022 के मुताबिक भारत में ईस्पोर्ट्स प्लेयर्स की संख्या 2020 में 3 लाख थी जो 2021 में दोगुनी होकर 6 लाख हो गई ।देश का ईस्पोर्ट्स उद्योग 46 फीसदीसी एजीआर की दर से बढ़ रहा है और 2025 तक इसके रु 11 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है ।गेमिंग सेगमेन्ट भी आज से लेकर वित्तीय वर्ष 2025 तक रु 100 बिलियन का आर्थिक मूल्य उत्पन्न करेगा। अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, ह्यस्मार्टफोन्स के किफायती होने और डेटा स्पीड बढ़ने के साथ भारत में मोबाइल गेमिंग की लोकप्रियता भी बढ़ी है ।भारत में 5 जी के साथ गेमिंग उद्योग के और तेजी से विकसित होने की उम्मीद है ।मोबाइल गेमिंग डिजिटल दौर में वी की कंटेंट स्टैटेजी के लिए विकास का मुख्य क्षेत्र बन गया है। ऐसे में ईस्पोर्ट्स को हमारे गेमिंग कैटलॉग में शामिल करना स्वाभाविक था, इससे वी ऐप को गेमिंग प्रेमियों का पसंदीदा गंतव्य बनाने में मदद मिलेगी ।हमें विश्वास है कि हमारी यह पेशकश गेमिंग प्रेमियों, खास तौर पर युवाओं को खूब लुभाएगी ।गेमर्स के लिए इस सर्विस को सुलभ बनाने के प्रयास में वी की ईस्पोर्ट्स ऑफरिंग वी के यूजर्स के लिए बिना किसी अतिरिक्त लागत के उपलब्ध होगी। यूजर अपने वर्चुअल कॉइन्स के साथ आकर्षक पुरस्कार भी जीत सकते हैं ।गेमिंग प्रेमी 5 आसान चरणों में ईस्पोर्ट्स का एक्सेस पा सकते हैं यूजर वी ऐप पर वी गेम्स को एक्सेस कर सकते हैं। वी ऐप को गूगल प्लेस्टोर या आईओएस स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है ।। का पानी भी खराब हो रहा है।




### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडियन बैंक के साथ साझेदारी की

**शिमला** : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत के अग्रणी राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक, इंडियन बैंक के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है ताकि सभी के लिए आकर्षक वाहन वित्तपोषण विकल्प की पेशकश की जा सके। नया गठजोड़ अभिनव समाधान पेश करेगा जो ग्राहकों की उभरती अपेक्षाओं से मेल खाता है, 90 प्रतिशत तक ऑन-रोड फंडिंग के साथ, बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क, फोरक्लोजर और पार्ट-पेमेंट शुल्क के। इस करार से अब ग्राहकों को, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में, अपने पसंदीदा टोयोटा वाहन को आसानी से खरीदने के लिए आसान फंडिंग विकल्पों तक पहुंचना संभव होगा। यह साझेदारी ऐसे समय में हुई है जब टीकेएम अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार इनोवा हाइक्रॉस, अर्बन क्रूजर हाईराइडर, न्यू इनोवा क्रिस्टा और हाईलक्स जैसे मॉडलों के साथ-साथ फॉर्च्यूनर और लीजेंडर, टोयोटा ग्लैंजा, कैमरी हाइब्रिड और वेलफायर जैसे मौजूदा मॉडलों के साथ कर रहा है। इस प्रकार देश भर में ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, अतुल सूद ने कहा कि हम अपने सभी ग्राहकों को एक शानदार टोयोटा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप इंडियन बैंक के साथ हाथ मिलाकर खुश हैं। यह सहयोग एक सुखद खरीद प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सरल वित्तपोषण विकल्प, परेशानी मुक्त अनुभव और समय पर सहायता प्रदान करना चाहता है। टीकेएम में, हमारा दृष्टिकोण हमेशा बाजार की जरूरतों को सुनने तथा उत्पादों और सेवाओं को उचित रूप से पेश करने का रहा है जो हमारे ग्राहकों को असाधारण स्वामित्व अनुभव प्रदान करते हैं।

# बस अड्डा में युवक संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी बस स्टैंड में बल्ह के 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इसको लेकर पुलिस थाना मंडी में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी मंडी मनमोहन सिंह ने बताया कि पुलिस को सुबह 8 बजे के करीब सूचना मिली की एक युवक मंडी बस स्टैंड की नाली में बेशुद्ध अवस्था में पड़ा है जिसके बाद मंडी पुलिस की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई और युवक को जोनल अस्पताल मंडी ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनमोहन सिंह



ने कहा कि इस संदर्भ में पुलिस गहनता से छानबीन कर रही हैं। मृतक की किन परिस्थितियों में मौत हुई हैं

इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। बताया जा रहा है कि युवक मनाली से आ रहा था ।हालांकि इस संदर्भ में पुलिस छानबीन कर रही हैं।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला रिवालसर में आरंभ

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
रिवालसर में गुरु पद्मसंभव की याद में उनके जन्मदिन पर मनाया जाने वाला तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का मंगलवार को आरंभ हो गया। उपायुक्त अरिंदम चौधरी इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रिवालसर का यह छेश्चू मेला उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध मेला है।

यह मेला धार्मिक सौहार्द का अदभुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं, जिसमे



हम सब को अपनी पौराणिक संस्कृति की अलौकिक झलक देखने को मिलती है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से मेले के सफल आयोजन के लिए भरपूर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान आने वाले लोग पवित्र रिवालसर झील में साफ.सफाई का विशेष ध्यान रखें। छेश्चू मेले की बधाई देते हुए सभी के जीवन में नई खुशियां आने की कामना की और कहा कि हम सब पर गुरु पद्मसंभव का आशीर्वाद बना रहे। उन्होंने बताया कि छेश्चू मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा।

निगम्पा मोनेस्ट्री से सेवानिवृत ब्रिगेडियर टीआर ठाकुर ने इस मेले के आयोजन बारे विस्तृत जानकारी दी ।मेला कमेटी की अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी ना. बल्ह स्मृतिका नेगी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि रिवालसर, आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

# विजन इंडिया फाउंडेशन ने शिक्षा जागरूकता पर किया कार्यक्रम आयोजित

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**
शिक्षा के वगैर मानव जीवन का कोई महत्व नहीं रहता और वर्तमान में स्कूली शिक्षा के साथ साथ शिक्षा जागरूकता भी हर छात्र तथा अभिभावकों को अति आवश्यक है। इसी कड़ी में कुल्लू जिला के प्रथमिक पाठशाला बड़ागांव में छात्रों तथा अविभावकों के लिए एक शिक्षा जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शिक्षा के महत्व को लेकर छात्रों तथा अविवावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं इस अवसर पर कई रंगा रंग कार्यक्रम भी

**8 विजन इंडिया फाउंडेशन द्वारा जागरूक अविवावकों तथा छात्रों को सम्मानित भी किया गया**

आयोजित किये गए। इस अवसर पर विज? इंडिया फाउंडेशन के कोर कमेटी के सदस्य डॉ. चाँद किशोर शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्रों तथा अविवावकों को सम्बोधित करते हुए डॉ चाँद किशोर शर्मा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण पूर्ण है ये हम सभी जानते हैं और शिक्षा के लिए सही जागरूकता ही हमारे जीवन को सफल बना सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बढ़ता मोबाइल का उपयोग हमारे लिए वेहद हानिकारक है और मोबाइल को जितना कम उपयोग करें उतना बेहतर है। वहीं इस अवसर पर विजन इंडिया फाउंडेशन द्वारा जागरूक अविवावकों तथा छात्रों को सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक खेमराज गौत्तम, प्रबंधन निदेशक रोशन शर्मा सहित फाउंडेशन के सदस्य अनुरंजनी गौत्तम, महेंद्र ठाकुर, डोला सिंह, प्रेमा देवी, उर्मिला ठाकुर सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायक दल की बैठक 2 मार्च को शिमला में

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
सुंदरनगर से विधायक राकेश जम्वाल ने कहा की भाजपा विधायक दल की बैठक विली पार्क, सर्किट हाउस शिमला में 2 मार्च 2023, वीरवार को शाम 6 बजे होने जा रही है। बैठक को अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर करेंगे।

विधायक दल में होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी और भाजपा विधायक दल अपनी विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति तय करेगा।

# नकदी फसल में खाद व कीटनाशक का अंधाधुंध प्रयोग कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बुलावा : डॉ. ओमराज



**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी के बल्ह में जहां एक तरफ कुछ लोग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विरोध कर रहे हैं है वहीं दूसरी ओर लोग नगदी फसल लेने के लिए अन्धाधुन्ध खाद व कीटनाशकों का प्रयोग कर रहे हैं। यहां तक घास जलाने के लिए कैमिकल का छिडकाव किया जाता है जिससे आने वाले समय में कैंसर आदि गंभीर रोगों का खतरा बढ़ता जा रहा है। यह जानकारी डॉ. ओम राज शर्मा, स्वास्थ्य प्रबोधन प्रमुख आरोग्य भारती हिमाचल प्रदेश ने दी। उन्होंने कहा कि गांव और शहर के लोग इन सब्जि?ें का प्रयोग विश्वास के साथ करते हैं कि ये स्थानीय है और सुरक्षित है। कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए यह प्रचार कर रहे हैं कि उपजाऊ जमीन पर अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण से नुकसान होगा लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि यदि कीट नाशक और खाद के अंधाधुंध प्रयोग को न रोका गया तो प्रत्येक घर में कम से कम एक व्यक्ति गम्भीर बीमारी से ग्रसित होगा।

कैंसर विशेषज्ञ भी सब्जियों मे रसायन खाद कीटनाशक के अंधाधुंध प्रयोग पर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। यह प्रयास किए जाने चाहिए कि वहां की जनता का स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षित रह सके।

आने वाले समय में बल्ह का पानी भी शायद पीने के योग्य न रहे क्योंकि जमीन पर खाद और कीटनाशक रिसने के बाद कुंओ और नदी का पानी भी प्रदुषित हो रहा है। हवा मे भी इसी कारण से प्रदुषण फैल रहा है जो खेतो मे काम करने वाले मजदूरों को व साथ के घरो मे रहने वाले लोगों को प्रभावित करेगा। पंजाब में शोध से पता चलता है कि कैंसर जैसे गंभीर बढते रोगों के पीछे अत्याधिक खाद व कीटनाशक का प्रयोग ही कारण रहा है।

उन्होंने कहा कि दिनेश कुमार पूर्व बीडीसी जो स्वयं भी टमाटर व सब्जियों की खेती करते आ रहे हैं ने बताया कि इस तरह से अन्धाधुन्ध कीटनाशकों का प्रयोग जमीन को तो खराब कर रहा है साथ ही दूसरे खेतों व वहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

# मुखियाओं का समय-समय पर प्रशिक्षित होना जरूरी: शर्मा

**नाहन/एसपी जैरथ**
स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रत्येक जिले के लगभग 200 मुखिया को तकनीकी संवर्धन प्रशिक्षण का कार्य जिला सिरमौर में पूरा हो चुका है। जिला परियोजना अधिकारी ऋ षि पाल शर्मा ने पांवटा साहिब में जिला स्तरीय चौथे चरण की प्रशिक्षण शाला के समापन अवसर पर विद्यालयों के मुखिया को संबोधित करते हुए कहा कि मुखिया केवल प्रशासक नहीं है। विद्यालय प्रबंधन के लिए उसे सुविधा उपलब्ध करवाने वाले व्यक्तित्व के रूप में काम करना



होता है जिसके लिए उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत होना तथा नेतृत्व के गुणों को विकसित करना आवश्यक है। सिरमौर के लगभग 200 मुखिया को इस शैक्षणिक सत्र में प्रशिक्षित किया जा चुका है। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक हिमांशु भारद्वाज, प्रशिक्षण संचालक डॉ. दीघार्यु प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों का बेहतर सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

रिसोर्स पर्सन डॉ प्रेमपाल ठाकुर, जीवन प्रकाश जोशी, सुरेश कुमार शर्मा, राकेश बंसल ने प्रतिदिन गतिविधियों पर आधारित अलग-अलग विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई। प्रशिक्षण शाला में डॉ मोही राम, जोगीराम कन्याल, दीप चन्द शर्मा मोहन लाल शर्मा, बाबूराम शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के साथ बड़ा धोखा किया: सुरेश कश्यप

**सोलन/मनीष**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की महिलाओं के साथ बड़ा धोखा किया है ।जब विधानसभा चुनाव चल रहा था तब कांग्रेस के नेताओं ने महिलाओं से एक नीले रंग का फॉर्म भारवाया था। इस फॉर्म भरने ले बाद वादा किया गया था की जल्द ही महिलाओं के खाते में 1500 रु प्रति माह मिलने शुरू हो जाएंगे, चुनावों के समय कुछ को कांग्रेस के नेताओं ने और कांग्रेस पार्टी के मंडल यूनिट ने फॉर्म भरने वाली महिलाओं के खाते में स्वयं 1500 रू डाल दिए थे। अब सरकार बने 3 महीने हो चुके हैं पर महिलाएं अभी भी



इंतजार कर रही है कि कब व 1500 रुपए प्रति माह उनको मिलने शुरू होंगे। कभी यह सरकार है एक सब कमेटी का गठन करती है, कभी उसमें विचार मांगती है और अब तो यह हाल हो गए हैं कि इस सरकार ने अपने मंत्री धनीराम शांडिल द्वारा एक बयान भी जारी करवाया कि अब ग्रामसभा तय करेगी कि 1500 रुपए हिमाचल प्रदेश की किस महिलाओं को मिलेंगे। जब वादा करने की बात आई थी तो हिमाचल की सभी महिलाओं को 1500 देने का वादा कर डाला एपर अब जब वादा पूरा की बात आ रही है तो घर घर में कांग्रेस सरकार ने दरार पैदा करनी शुरू कर दी है ।जब ग्राम पंचायत चयन करेगी कि घर की किस महिला को 1500 रू मिलेंगे तो क्या इससे एक घर में दरार पैदा नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि केवल मात्र कांग्रेस पार्टी जनता के साथ झूठ बोल के सत्ता में आई है और बड़ी जल्दी ही झूठ की पोल जनता के बीच में एक खुलनी शुरू हो गई है ।सरकार ने हर वर्ग के साथ धोखा किया है और किसी भी प्रकार की गारंटी पूरी होती नहीं दिखाई दे रही है। हिमाचल प्रदेश में पिछले चुनावों के मुकाबले 4 प्रतिशत अतिरिक्त मतदान महिलाओं ने किया है, पर इन महिलाओं के साथ तो कांग्रेस पार्टी में धोखा ही कर डाला है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांडा में मनाया गया पारितोषिक वितरण समारोह

**गोहर/सुभाग सचदेवा**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांडा में वार्षिक पारितोषिक समारोह कार्यक्रम बडी धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव ठाकुर चेत राम ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया। इस पारितोषिक कार्यक्रम में छात्रों को चेत राम ठाकुर व स्कूल प्रधानाचार्य द्वारा समानित किया गया, इस कार्यक्रम में एसएमएस के प्रधान नरेंद्र ठाकुर, जिला युवा



कांग्रेस अध्यक्ष तरुण ठाकुर, मंडलीय अध्यक्ष ओम प्रकाश, जिला सचिव दिवेंद्र शर्मा, सराज युवा कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सहगल, लाल सिंह ठाकुर, अरुण सहगल, हितेश कुमार, स्कूल अध्यापक वर्ग, गैर शिक्षक सभी सदस्य मौजूद रहे।

# सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें सभी विभाग: डीसी



**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने जल शक्ति विभाग,कृषि-बागवानी, पशुपालन, स्वास्थ्य, वन, राजस्व और अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला में कम बारिश और आने वाले समय में सूखे जैसी स्थिति से निपटने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। जल शक्ति विभाग, कृषि-बागवानी, पशुपालन, वन और अन्य विभागों को दिए निर्देश

मुख्य सचिव के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार जिला हमीरपुर में सर्दी के सीजन में बहुत ही कम बारिश हुई है। इससे जिले के जलस्त्रोतों, पेयजल योजनाओं, कृषि, बागवानी और अन्य संबंधित क्षेत्रों के प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे सभी पेयजल योजनाओं की ताजा स्थिति पर नजर रखें तथा जलस्त्रोतों की नियमित रूप से सफाई एवं पानी की सैंपलिंग-टेस्टिंग सुनिश्चित करें। अगर किसी पेयजल योजना में पानी की कमी हो जाती है तो वैकल्पिक व्यवस्थाओं या अन्य स्कीमों से पानी की आपूर्ति की संभावना तलाश करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिन स्कीमों के कार्य अंतिम चरण में हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, ताकि लोगों को तत्काल पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि पानी की कमी के कारण कई बार लोग प्राकृतिक जलस्त्रोतों का रुख भी करते हैं। इसलिए इन जलस्त्रोतों की सफ ाई भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी पानी की नियमित रूप से सैंपलिंग-टेस्टिंग करने तथा जल जनित रोगों से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कृषि और बागवानी विभाग के अधिकारियों को फ सलों के नुक्सान का सही आकलन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे आवश्यकता पडने. पर पशु चारे की तुरंत व्यवस्था करें। देबश्वेता बनिक ने कहा कि गर्मियों में वनों में आग की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग के अधिकारी अग्निशमन विभाग तथा स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करें।

एफ सीए एवं एफ आरए के मामलों पर भी की चर्चा

उपायुक्त देबश्वेता बनिक ने जिला में विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित एफ सीए एवं एफ आरए के मामलों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं लगातार इन मामलों की समीक्षा कर रहे हैं। इसलिए इनमें अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

# जर्जर हालत में चल रहे स्कूलों के भवनों का होगा सुधार : शांडिल



**सोलन/मनीष**
आपदा से निपटने के लिए हिमाचल में प्रत्येक वर्ष मॉक ड्रिल करवाई जाती हैं लेकिन आपदा के समय यही तैयारी धरी की धरी रह जाती है। वही मगंलवार को सोलन पहुंचे हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए जमीनी स्तर से जागरूकता लाने की जरूरत है जिसमे बच्चे एक अहम कड़ी हो सकते है। उन्होंने कहा कि नेशनल कैडेट्स भी इसी तरह कार्य करता है अनुशासन में रहकर देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए कार्य करता है। धनी राम शांडिल ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए इसका पढ़ाया जाना जरूरी है।

उन्होनें कहा कि एकता और अनुशासन ही देश को आगे बढ़ाने में सहायक है इसलिए सभी बच्चों में अनुशासन का होना और एकता तथा भाई चारे की भावना को उजागर करना अनिवार्य है। एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड ऐसी संस्थाएं हैं जिनमे इन सभी बातो पर कार्य किया जाता है। धनीराम शांडिल ने बताया कि बच्चों को इन कोर्स में पढ़ाई ना करके मौलिक कर्तव्य के बारे मे अधिक सिखाया जाता है जिसमें बच्चे भी बढ़.चढकर भाग लेते हैं इसलिए ऐसे कोर्स का स्कूल तथा कॉलेजों में होने जरूरी है। उन्होंने कहा कि आपदाएं आती रहती हैं लेकिन बच्चों को इसके प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि आपदा आने पर ये बच्चे समाज हित में अपनी सेवाएं दे सके। धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिर्वतन के लिए कार्य कर रही है ऐसे में जितने भी स्कूलों के भवन प्रदेश में जर्जर हालत में चल रहे है, उनका सुधार किया जाएगा। गर्ल्स स्कूल सोलन के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल के द्वारा सोलन के पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस में लोगो की जनसमस्याओं को भी सुना गया।

## न्यूज फ्लैश

### मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर ने गुरुग्राम में 250 बेड्स वाले हॉस्पिटल डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया



**शिमला:** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने गुरुग्राम में 250.बेड वाले हॉस्पिटल फैसिलिटी डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर दिल्ली एनसीआर में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर मान्यता प्राप्त नैदानिक रूप से मजबूत अस्पतालों का अधिग्रहण या उनके साथ साझेदारी करती है और उसका परिचालन करने के लिए मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ब्रांड के तहत एकीकृत किया जाता है। यह अस्पताल श्रृंखला टर्शरी और क्वाटर्नरी केयर प्रदान करने, मेडिकल स्पेशियलिटीज में उत्कृष्टता केंद्र बनाने और रोगी पहले दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित करती है।डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल एक मल्टी स्पैशलिटी हॉस्पिटल है जो गुरुग्राम के सेक्टर 56 में स्थित है जहाँ गुरुग्राम और दिल्ली के सभी हिस्सों में भी आसानी से पहुँचा जा सकता है।यह अस्पताल एनएबीएच मान्यता प्राप्त है और स्थानीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के अलावा अंतरराष्ट्रीय रोगियों को भी आकर्षित करता है।मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ.राजीव सिंघल ने कहा डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल का अधिग्रहण दिल्ली.एनसीआर और इसके आस.पास के क्षेत्रों के रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं और उपचार प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस हॉस्पिटल फैसिलिटी में हाल ही में 100 से अधिक बेड्स का विस्तार किया गया है जिससे हम अब अधिक सब.स्पेशियलिटीज और एडवांस्ड उपचार की पेशकश करने में सक्षम होंगे जो मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स समूह की पहचान है। मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर फरीदाबाद में भी मौजूदा 550 बिस्तरों वाला अस्पताल संचालित कर रही है।गुरुग्राम और फरीदाबाद के बीच हर दिन लगभग ढाई लाख लोगों की आवाजाही होती है ऐसे में दो मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स अब स्थानीय आबादी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नोडल पॉइंट के रूप में काम करेंगे।मैरिंगो मैरिंगो एशिया हैल्थकेयर मल्टी स्पेश्यलिटी अस्पतालों का एकीकृत प्लेटफार्म है जो टर्शियरी तथा क्वाटर्नरी केयर प्रदान करने पर केंद्रित है साथ ही विभिन्न मेडिकल स्पेश्यलिटीज में उत्कृष्टता के केंद्रों की स्थापना करते हुए मरीज प्रथम के दृष्टिकोण पर जोर देता है। ग्लोबल हैल्थकेयर के क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले डॉ राजीव सिंघल के नेतृत्व में अनुभवी पेशेवरों की टीम मैरिंगो एशिया हैल्थकेयर का संचालन करती है। मैरिंगो एशिया हैल्थकेयर ने अपने 4 अस्पतालों में बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर1500 से अधिक पहुंचा दी है।

### टाटा एआईए ने भारत में अपनी पहली हिंदी वेबसाइट शुरू की

**शिमला।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने अपनी पहली हिंदी वेबसाइट शुरू की है। भारत भर में अपनी वर्चुअल उपस्थिति को बढ़ाने और ग्राहकों को जीवन बीमा के लाभों को उनकी पसंद की भाषा में समझाने वाली वेबसाइट प्रस्तुत करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह पहल चलायी है। टाटा एआईए के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर गिरीश कालरा ने इस अवसर पर कहा पिछले कुछ सालों में स्मार्ट फोन देश के कोने.कोने में पहुंच चुके हैं साथ ही भारत में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वालों की संख्या भी भारी मात्रा में बढ़ चुकी है। हमारे इन.हाउस रिसर्च में पता चला है कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में कन्टेन्ट देखने,पढ़ने,सुनने के लिए उत्सुक हैं। इससे हमें हमारी वेबसाइट का हिंदी वर्जन बनाने की प्रेरणा मिली जो देसी होते हुए भी हमारे उपभोक्ताओं को आधुनिकतम वेब प्रौद्योगिकियों का सही अनुभव, आसानी और सुविधा प्रदान करती है। सही मायनों में भारत के साथ जुड़ने के हमारे प्रयासों में हमने यह और एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।टाटा एआईए का हिंदी इंटरफेस एक सर्वसमावेशक वेबसाइट है।कंपनी के बारे में जानकारी,उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए समाधान, ब्लॉग के रूप में कन्टेन्ट आदि यहां उपलब्ध है। इस वेबसाइट पर ग्राहक घर बैठे मात्र एक बटन क्लिक करके अपने प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं कंपनी के उत्पाद खरीद सकते हैं अपने सवालों,समस्याओं को हल करवा सकते हैं। इस वेबसाइट के कन्टेन्ट का अनुवाद सही तरीके से किया गया है और सभी लोग उसे अच्छी तरह से समझ पा रहे हैं यह सुनिश्चित करने के लिए हिंदी वेबसाइट को विकसित करते हुए कंपनी ने दो.चरणीय दृष्टिकोण अपनाया।

# पनोह में ग्रामीणों को बताई सरकार की योजनाएं



**ऊना/राजन पुरी**
कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा झलेड़ा द्वारा गांव पनोह में मंगलवार को वित्तीय शिविर का आयोजन किया गया। नाबार्ड के सौजन्य से आयोजित कैंप की अध्यक्षता बैंक के शाखा प्रबंधक कमलजीत सिंह ने की। इस मौके पर शाखा प्रबंधक कमलजीत को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान केडिट कार्ड के साथ बैंक की अन्य योजनाओं के बारे किया। इस दौरान बैंक की ओटीएस स्कीम, साईबर काइम व एटीएम बारे में बताया गया। इस मौके पर सीता देवी, निशा सैणी, प्रवीण कुमारी, कृष्णा देव, ऊषा देवी, कांगड़ा बैंक से उर्मिला देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कुश्ती में अर्शदीप ने हासिल किया हिमाचल कुमार का खिताब



**ऊना/राजन पुरी**
छोटी उम्र में अपनी पहलवानी से हैरतअंगेज करने वाले जिला ऊना के मैहतपुर बसदेहड़ा निवासी 15 वर्षीय अर्शदीप अटवाल ने मंडी में आयोजित हुई कुश्ती के मुकाबले में अपने नाम एक ओर खिताब जोड़ा है। कुश्ती के अंडर-21 मुकाबले में अर्शदीप अटवाल ने हिमाचल कुमार का खिताब अपने नाम किया है। मंगलवार को मैहतपुर बसदेहड़ा में पहुंचने पर अर्शदीप अटवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। कुश्ती कोच रामपाल उर्फ पाला ने बताया कि जिला मंडी में शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-21 की कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 76 पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में अर्शदीप अटवाल ने भी अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए सबका मन मोह लिया। अर्शदीप ने प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में कांगड़ा, सेमीफाइनल में सुंदरनगर व फाइनल मुकाबले में बिलासपुर के पहलवान को हराकर हिमाचल कुमार का खिताब अपने नाम किया। वहीं पहलवान अर्शदीप अटवाल ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच रामपाल उर्फ पाला व पिता सोनू अटवाल को दिया है।

# ग्रामीणों को पीला रतुआ रोग की दी जानकारी




**ऊना/राजन पुरी**
ग्राम पंचायत मोमन्यार के खुरवाई में मंगलवार को वन विभाग एकीकृत विकास परियोजना द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कृषि विकास अधिकारी डॉ रजनीश पाठक व कृषि प्रसार अधिकारी पवन कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। इस दौरान कृषि प्रसार अधिकारी पवन कुमार ने ग्रामीणों को मिट्टी प्रशिक्षण, फसल बीमा योजना और विभाग की चल रही अन्य स्कीमों के बारे समेत गेहूं के पीले रतुए रोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस मौके पर आईडीपी एपीओ तपेंद्र सिंह, शैली, रजनी, आयुष, नितीश समेत अन्य उपस्थित रहे।

# विभागीय परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी 3 मार्च, तक करें आवेदन

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा के प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं हिमाचल प्रशासनिक सेवा व अन्य सभी पात्र राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि में बदलाव किया गया है और अब इसके लिए 03 मार्च, 2023 सायं 5 बजे तक आवेदन किया जा सकता हैं।उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से मानव सम्पदा पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

# वंचितों के उत्थान व सुविधा के लिए सांसद अनुराग ठाकुर चला रहे अनेकों योजनाएं: धूमल



**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बहुत सारी ऐसी सरकारी योजनाएं और सुविधाएं होती हैं जिनका लाभ सभी को नहीं मिल पाता और सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही बहुत सी गैर सरकारी संस्थायें भी सब तक नहीं पहुंच पाती लेकिन सांसद अनुराग ठाकुर का प्रयास संस्था के माध्यम से सदा यही प्रयास रहा है कि वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने मंगलवार को भोरंज विधानसभा के केहरवीं गांव में प्रयास संस्था द्वारा चलाए जा रहे ब्यूटी एंड वैलनेस प्रशिक्षण कोर्स के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने ब्यूटी एंड वैलनेस कोर्स में प्रशिक्षित हुई 65 लड़कियों को सर्टिफिकेट बांटे और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए यह विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह प्रशिक्षण उनके काम आएगा वह अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करके पैसे भी कमाएंगी और अपने परिवार को भी लाभ पहुंचाएंगी। भोरंज के केहरवीं में आयोजित ब्यूटी एंड वैलनेस प्रशिक्षण कोर्स की समाप्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री ने 65 प्रशिक्षु लड़कियों को सर्टिफिकेट बांट कर किया प्रोत्साहितपूर्व मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में आप सब ने जो सीखा है उसको ऐसे ही बेकार मत कर देना। क्योंकि लगातार प्रयास करने से और अभ्यास करने से ही व्यक्ति में कुशलता आती है। यहां जिन लड़कियों ने ब्यूटी एंड वैलनेस का कोर्स सीखा है वह अपने गांव में अपने घर में ब्यूटी पार्लर खोलें काम करना शुरू करें गांव के लोग आएंगे और यदि अच्छा काम करोगे तो दूर.दूर से लोग आएंगे। और जो आपने सीखा है उसे अपने तक ही सीमित ना रखें हो सके तो आगे भी और लोगों को यह सिखाएं ताकि वह भी अपने पैरों पर खड़े हो सकें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के सांसद प्रयास संस्था के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के लिए अनगिनत योजनाएं चला रहे हैं। मात्र एक फोन करने पर ही प्रयास संस्था वालों की सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा एंबुलेंस गांव पहुंच जाती है और गांव के बुजुर्ग बीमार व्यक्ति को घर द्वार पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध हो जाती है।

# रामपुर-संतोषगढ़ मार्ग पर चोरियां बढ़ने से दुकानदार दहशत में



**ऊना/राजन पुरी**
रामपुर-संतोषगढ़ मार्ग पर चोरियां के मामले सामने आने से दुकानदार दहशत में है। बीते एक सप्ताह के बीच चार दुकानों के ताले तोड़ कर लाखों रुपये के इलेक्ट्रोनिक सामान ले जाने से दुकानदार परेशान है। ऐसे में दुकानदारों ने पुलिस विभाग से रामपुर-संतोषगढ़ मार्ग पर रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है।

दुकानदारों का कहना है कि जल्द ही मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक ऊना से भी मुलाकात की जाएगी। दुकानदारों में निशान सिंह, अमरजीत सिंह, विनय कुमार, अश्वनी कुमार, दीपक व हरी सिंह ने बताया कि बीते एक सप्ताह से रामपुर-संतोषगढ़ मार्ग पर लगातार चोरियां बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अज्ञात शातिरों ने कुठार कलां, अबादा बराना व जनकौर के बाद पेखूवेला ने दुकानों को निशाना बनाया है। खास बात यह है कि शातिर सिर्फ इलेक्ट्रोनिक की दुकान में ही वारदात को अंजाम देते है और मात्र बैटरियां चोरी करते हैं। जनकौर के दुकानदार हरी सिंह ने बताया कि बीती रात मेरी इलेक्ट्रिशियन की दुकान के ताले तोड़ अज्ञात शातिर बैटरियां चुराकर ले गए, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि शातिर चोर शटर के ताले तोडकर अपने साथ ही ले गए हैं। वहीं पेखूवेला में भी लाखों रुपये की बैटरियां चोरी हुई है। दुकानदारों का कहना है कि रामपुर-संतोषगढ़ पर लगातार चोरियां बढ़ रही है, ऐसे में पुलिस विभाग को रात के समय गश्त बढ़ानी चाहिए।

# सब्जी मंडी में 2 रुपए किलो बिक रही बन्द गोभी, पहाड़ी मटर के भी गिरे दाम



**सोलन/मनीष**
हिमाचल प्रदेश में नगदी फ सलों का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में सभी मंडियों में भी सब्जियां पहुंचने शुरू हो चुकी है लेकिन किसान मंडियों में मिलने वाले सब्जियों के रेट से नाखुश दे रहे हैं मंगलवार की अगर बात की जाए तो सब्जी मंडी सोलन में बंद गोभी रू2 किलो और फू लगोभी रू 5 किलो बिकी है, यह गोभी जिला सोलन के कुठाड़ से किसान प्रकाश द्वारा लाई गई थी जिस के दामों को लेकर किसान प्रकाश नाखुश नजर आए हैं।

रेट से अच्छा पशुओं को खिलाकर था फ ायदा, गाड़ी का किराया भी नही हो रहा पूरा

किसान प्रकाश का कहना है कि जिस तरह से उन्हें बंद गोभी और फूल गोभी के दाम मिले हैं उससे अच्छा तो था कि वह यह सब पशु को खिला देते उनका कहना है कि यहां तक आने का गाड़ी का किराया भी 2,000 है और इतना तो उन्हें सब्जी बेचकर भी नहीं मिल रहा है वही जिस जमीन पर वह कार्य करते हैं उसका ठेका भी 35000 पर देना पड़ता है।

रेट की खातिर दिन रात करतें है एक, लेकिन किसान की कोई पूछ नहीं

किसान प्रकाश का कहना है कि रात को 2 बजे सब्जी मंडी सोलन में पहुंच गए थे लेकिन अभी तक उन्हें बेहतर दाम अपने गोभी के नहीं मिल पाए हैं, उन्होंने कहा कि वे हर साल इसी आस में सीजन लगाते हैं कि कभी तो दाम बेहतर मिलेंगे, किसान प्रकाश का कहना है कि उनसे तो सब्जी मंडी सोलन में रू 2 किलो के हिसाब से बंद गोभी 5 किलो के हिसाब से फूल गोभी ली जा रही है लेकिन यही दाम बाजारों में 15 से रू 20 किलो देखने को मिलते हैं ऐसे में किसान की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

पहाड़ी मटर के लगातार गिर रहे दाम, एक सप्ताह में 10 रुपए हुआ सस्ता

वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी सोलन में पहाड़ी मटर के दाम गिरते जा रहे हैं पिछले सप्ताह की अगर बात की जाए तो सब्जी मंडी में पहाड़ी मटर रू 35 किलो बिका था लेकिन अब लगातार सब्जी मंडी में यह दाम गिरते हुए नजर आ रहे हैं ऐसे में पंजाब और महाराष्ट्र से आने वाला मटर पहाड़ी मटर पर भारी पड़ता हुआ नजर आ रहा है, पहाड़ी मटर के दाम लगातार गिर रहे हैं मंगलवार को पहाड़ी मटर के दाम सब्जी मंडी में रू 23 किलो मिले हैं, पंजाब और महाराष्ट्र से आने वाले नंबर 10 से रू 12 किलो आ रहे हैं तो ऐसे में पहाड़ी मटर के दामों में गिरावट आ रही है वहीं दूसरी तरफ टमाटर जो अहमदाबाद से आया है उसके दाम रू 420 प्रति क्रेट मंडी में लगे हैं।

मंगलवार को सब्जी मंडी सोलन में सब्जियों के दाम

सब्जी मंडी सोलन में अन्य सब्जियों के दामों की बात करें तो हरियाणा से आने वाली गोभी रू 5 किलो, ब्रोकली रू 10 किलो, मशरूम रू130 किलो, शिमला मिर्च रू 40 किलो, बैंगन रू 25 किलो, करेला रू 80 किलो, भिंडी 17 किलो, बंद गोभी रू 5 किलो, फ्र स्बीन रू 50 किलो, गाजर 15 किलो, लहसुन रू 45 किलो आलू रू 6.50 किलो सब्जी मंडी सोलन में मंगलवार को बिके हैं।


PRESS NOTICE TO BE PUBLISHED IN NEWS PAPERS FOR E-TENDERING

The Executive Engineer Jal Shakti Division Rampur e-invites tenders on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering process:-

| Job No | Name of Work | Estd. Cost | Earnest Money | Cost of Form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of Rain Damages to FIS Planoo to Shaloon in GP Devnagar Tehsil Rampur Distt. Shimla HP (SH- Removal of slips in Main channel between RD 0/0 to 3600 & C/O dry rubble masonry wall at RD 0/600 to 0/687.50 and taking out of silt/earth from Harvesting structure at Majheoti Khad. | 919168/- | 18383/- | 400/- | Three Months |

Last date of filing/uploading the tender through e-tendering 03.03.2023 upto 5.00 PM and the same will be opened on 04.03.2023 at 10.00 AM.

RO No. 6142/2022-2023

Executive Engineer
Jal Shakti Division Rampur

## न्यूज फ्लैश

### बाइक पर जा रहे संजय पर युवकों ने तेजधार हथियारों व डंडों से किया हमला

**अम्बाला (मनीष कुमार)** गत शाम संजय पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सदर पुलिस ने बंटी कंबोज निवासी रणजीत नगर, गौरव निवासी सिंघावाला, मनमीत, रोहित, कर्ण निवासी दुर्गानगर, राजीव, कुलजीत व शैली निवासी रतनगढ़ के खिलाफ आईपीसी की धारा 148, 149, 323, 341, 379बी, 427 व 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर पीड़ित संजय इस समय सिविल अस्पताल अंबाला शहर में गंभीर रूप से घायल है। हमले में उसकी टांग टूट गयी व कंधा उतर गया। पीडित संजय का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में बेहद हलकी धाराओं के तहत केस दर्ज किया है, जबकि हमले में उसकी काफी चोटें आयी है। गौरतलब है कि सिटी मीडिया कर्मचारी संजय जब हीरा नगर में बाइक पर जा रहा था तो दो कारो में आये हमलावरों ने उस पर डंडो, राड व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। आरोपियो ने संजय से 15 हजार रुपए छीन लिये और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया था। बड़ी मुश्किल संजय आरोपियो के चंगुल से निकला था, जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल अंबाला शहर में दाखिल करवाया था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को काबू किया जायेगा।

### आम बजट अगले 25 साल का ब्लूप्रिंट : हेमा मालिनी

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने अमृत काल के पहले आम बजट 2023-24 को एक लोक कल्याणकारी बजट बताया है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है। अगले 25 से 50 साल के लिए बुनियाद रखने वाला ब्लूप्रिंट है। उन्होंने कहा कि यह गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को समर्पित बजट है। सांसद हेमा मालिनी आम बजट पर प्रेस वार्ता में बजट पर चर्चा कर रही थीं। हेमा मालिनी की प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष मधु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विवेक चैधरी, आईटी मीडिया प्रभारी आदित्य चतुवेर्दी, चंद्रवीर सोलंकी, जिला सह मीडिया प्रभारी अनूप सारस्वत आदि मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत करना और प्रोत्साहन देना और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना बजट का लक्ष्य है। मोटा अनाज उगाने में भारत लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और सबसे बड़ा निर्यातक देश है। भारत को श्री अन्न का ग्लोबल हब बनाने के लिए हम कटिबद्ध हैं।

### हिस्ट्री टीवी 18 पर देखिए उत्तर प्रदेश का एक ऐसा स्टार्टअप जो कचरे को काम की चीजों में बदल रहा है

**नोएडा।** क्या आप अंदाजा लगा सकते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा कचरा कौन सा आइटम फैलाता है? ये स्ट्रॉ और खाली रैपर नहीं है। डिस्पोजेबल ग्लास भी नहीं है। सबसे ज्यादा कचरा फैलाते हैं, सिगरेट बट्स! मिलिए उत्तर प्रदेश के 28 वर्षीय नमन गुप्ता से जिन्होंने इस खतरनाक कचरे से लड़ने का एक बेहद रचनात्मक समाधान ढूंढ निकाला है, ह्यओएमजी ये मेरा इंडिया के अगले एपिसोड में, इस गुरुवार, 2 मार्च को रात 8 बजे, सिर्फ.हिस्ट्री टीवी 18 पर। फैक्चुअल एंटरटेनमेंट में सबसे कामयाब सीरीज का नौवां सीजन हमेशा की तरह हर गुरुवार को रात 8 बजे असाधारण भारतीयों की ऐसी अविश्वसनीय कहानियाँ लेकर आएगा जो मनोरंजक होने के साथ-साथ प्रेरणा से भरपूर हैं। नमन का नोएडा में स्थित स्टार्टअप 'कोड एफट्र्स' पर्यावरण पर सिगरेट बट्स के नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए साल 2016 से इसे विभिन्न उपयोगी वस्तुओं में बदलने का प्रयास करता आ रहा है। अब तक उन्होंने अपने कचरे के डब्बों और कूड़ा बीनने वालों के एक नेटवर्क के माध्यम से एकत्र किए गए सिगरेट बट्स को प्रॉसेस करके सॉफ़्ट टॉय, कुशन, की-चैन और यहाँ तक कि मच्छर नाशक भी बनाए हैं। इन इनोवेटिव समाधानों के लिए नमन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस स्टार्ट-अप और इस अनोखी पहल के बारे में जानिए ओएमजी ये मेरा इंडिया में, इस गुरुवार, रात 8 बजे, सिर्फ.हिस्ट्री टीवी 18 पर! इस कार्यक्रम में नोएडा के इनोवेटिव स्टार्ट-अप की कहानी के अलावा देश के अलग-अलग कोनों से कई और अद्भुत कहानियों को देखने का मौका मिलेगा जिसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी भी शामिल है जिसने एक ई-ऑटो में पूरे भारत की यात्रा की है! देखिए ह्यओएमजी ये मेरा इंडिया, हर गुरुवार, रात 8 बजे, सिर्फ हिस्ट्री टीवी 18 पर।

# कृष्णा नगर को सुंदर बनाने का हो रहा प्लान

## कई विभागों के अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त ने की बैठक



**मथुरा/लोकेश चौधरी**
**कृष्णा नगर** मार्केट के सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा नगर मजिस्ट्रेट एवं सौन्दर्यीकरण के सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारी तथा अभियंताओं के साथ नगर निगम कार्यालय में बैठक ली गयी। बैठक उपरान्त नगर आयुक्त द्वारा कृष्णा नगर सौंख रोड तिराहा से गोवर्धन चैराहा तक के मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को मार्ग पर लगे पोल, विद्युत बॉक्स एवं ट्रांसफार्मर को शिफ्ट अथवा व्यवस्थित किये जाने के लिए सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कृष्णा नगर रोड के साइड वॉल पर वाल पेंटिंग कराये जाने पर चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामान होर्डिंग लगाकर आदि लगाकर अतिक्रमण हुआ था। उनसे नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रेमपूर्वक पुनः सामान को हटाये जाने हेतु कहा गया। प्रतिष्ठान मालिक प्रबंधकों को अवगत कराया गया कि भविष्य में पुनः निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान यदि सामान आदि दुकान से बाहर रखा पाया जाता है तो सामान जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बैठक एवं निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्टेज्ट मथुरा सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राज कुमार मित्तल, डिप्टी कलेक्टर मथुरा सिद्धार्थ चैधरी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग मनोज कुमार, अधिशासी अभियंता एसपी मिश्र, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, विपिन कुमार अभियंता विद्युत विभाग, मन्नन खान डिप्टी मैनेजर एनएचएआई, आरके माहेश्वरी सहायक अभियंता विद्युत मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, सुशमा सिंह मनोरंजन विभाग, आलोक त्रिवेदी अभियंता बीएसएनएल, ऋचा कौशिक टाउन प्लानर मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यू मिलाप नगर आंगनवाड़ी में बच्चों का स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**शहर के** न्यू मिलाप नगर स्तिथ आंगनवाड़ी में सिविल अस्पताल की ओर से आरबीएस की टीम द्वारा 1 से 6 साल तक के बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस दोरान सिविल अस्पताल से आये डॉ. नवनीत ने बताया कि बदलते मौसम के दौरान छोटे बच्चों में कई तरह की बीमारियां आ रही हैं जिनकी समय पर जांच करवा ली जाए ताकि आने वाले समय में बच्चों को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके चलते समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर बच्चों के लिए जांच शिविर लगाए जाते हैं। आज यहां पर 1 से 6 साल के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें लगभग 65 बच्चों का चेकअप किया गया। जिसमें बच्चों के खून की जांच की गई व दवाइयां भी वितरित की गयी। टीम में डॉ कविता, दीपमाला,ज्योति व आंगनवाड़ी वर्कर गीता मौजूद रही।

## अम्बाला में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका खत्म होने से लोगों को भारी परेशानी

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**अम्बाला में** डोर टू डोर कूड़ा उठाने का ठेका खतम होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है! घर में भी कूड़ा इकठा होने से गंदगी फैलने लगी है। गलियों में भी कूड़े के अम्बार लगने हुए शुरू हो गए है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम व नगर परिषद से जल्द ही इसका समाधान करने की अपील की है। वही नगर परिषद सेक्रेटरी राजेश कुमार ने जल्द ही एक टेंडर होने की बात कही है। जब तक टेंडर नहीं होता अपने कर्मचारियों द्वारा कूड़े का उठान कराये जाने की भी बात कही। देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसको साकार करने के लिए समय समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाए जाते हैं लेकिन अब प्रधानमंत्री का वो सपना अधूरा नजर आता है क्यूंकि शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम ० नगर परिषद द्वारा घर घर कूड़ा उठाने के लिए ठेका दिया गया था ताकि लोग अपने घर का कूड़ा इधर उधर न फेंक कर ट्राली में डालें लेकिन अभी काफी दिनों से ये ठेका खत्म होने के कारन घर से कूड़े का उठान न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घर से कूड़ा उठाकर लोग इधर उधर फैक रहे है जिसके कारन न केवल शहर गंधा हो रहा है बल्कि गलियों में भी कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए है। वहीँ गंदगी भी फैलने लगी है जिसकी वजह से बीमारियां फैलने का खतरा भी लोगों को सताने लगा है। लोगों ने नगर निगम ० नगर परिषद से जल्द ही इसका समाधान करने की अपील की है। लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा है उसको साकार करने के लिए नगर परिषद जल्द इस समस्या का समाधान करें ।

## गोरखपुर से आई बिमला को अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन ट्रीटमेंट दिया

**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**छावनी** के नागरिक अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव शर्मा ने अपनी टीम के साथ गोरखपुर से आई 52 वर्षीय बिमला देवी को अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन ट्रीटमेंट दिया है। इस ट्रीटमेन्ट के बाद अब महिला पूरी तरह से ठीक है महिला ने बताया गोरखपुर में भी डॉक्टर से इलाज करवाया परन्तु चेहरे में दर्द कम नही हुआ जिसके बाद महिला की अम्बाला में रह रही बेटी सुहाना ने उन्हें अम्बाला कैंट के नागरिक अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव शर्मा को चेक करवाया। जिसके बाद पहले महिला बिमला को 15 दिन दवाई खिलाई और फिर अल्कोहल ब्लॉक इंजेक्शन लगाया गया। जिसके बाद से महिला के चेहरे का दर्द बिल्कुल खत्म हो गया है।

## बेसहारा गोवंशों को लेकर अंबाला शहर नगर निगम में पहुंचे गोरक्षा दल



**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शहर में** सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंशों को लेकर गौरक्षा दल सहित अन्य संगठनो के समाजसेवी नगर निगम कार्यालय में पहुंचे। यहां निगम गेट पर पशुओं को बांधकर नगर निगम के खिलाफ धरना दिया। शहर की धार्मिक और समाजसेवी संस्थाओं ने एक हफ्ते पहले नगर निगम को अल्टीमेटम दिया था। इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन में ब्राह्मण समाज, बजरंग दल, वंदे मातरम दल के अलावा अन्य धार्मिक व समाजसेवी संस्थाएं शामिल हैं। गौरक्षक दल के मोनू चावला ने बताया कि कुछ दिन पहले इस संबंध में डिप्टी मेयर राजेश मेहता से संस्थाएं मिली थीं। शहर से पशु हटाने के लिए चेतावनी दी थी कि अगर निगम रविवार तक इस तरफ ध्यान नहीं देता तो सोमवार को पशुओं को लेकर प्रदर्शन करेंगे, लेकिन इन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। एजेंसी ने गोवंश पकड़ने में नहीं दिखाई दिलचस्पी-मोनू चावला ने कहा कि सड़कों पर बेसहारा पशुओं की भरमार के चलते हादसे हो रहे हैं। नगर निगम ने पशुओं को सड़कों से हटाने के लिए वर्कऑर्डर तो दिया है, लेकिन एजेंसी सड़कों से पशुओं को हटाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर अभी भी नगर निगम ने कोई कदम नहीं उठाया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# मेयर मदान, पंवार, सहित नेताओं ने पूर्व सीएम हुड्डा से की मुलाकात



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**मंगलवार सुबह** सोनीपत विधायक सुरेंद्र पंवार,मेयर निखिल मदान ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत एवं सभी निगम पार्षदों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत एवं सभी निगम पार्षदों को पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने की बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि विजयी होने के लिए पर्याप्त संख्या बल होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशियों की हार होना इस बात का परिचायक है कि आज आम जनता के साथ साथ भाजपा के जन प्रतिनिधि भी सरकार की कार्यशैली से खुश नहीं है। इसी के चलते रोजाना सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रहे है। नगर निगम चुनावो में कांग्रेस की जीत होना इस बात का संकेत हैं कि भाजपा का कुशासन अब खत्म होने वाला है और आगामी चुनावो में देश प्रदेश में कांग्रेस की जन हितैषी सरकार बनने वाली है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि नगर निगम चुनावो में कांग्रेस की जीत कांग्रेस पार्षदों की एकजुटता का परिणाम है जिन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए संदेश का पालन किया और चुनाव में विजय हासिल की।

यह चुनाव प्रदेश की राजनीति में बड़े बदलाव का कारण बनेगा और आने वाले समय में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और हरियाणा प्रदेश दोबारा से नंबर 1 बनेगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेस की जीत का श्रेय भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दिया और कहा कि चुनाव जीतने के बाद शहर के विकास को और गति मिलेगी। नव निर्वाचित सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर अब मेयर निखिल मदान के साथ मिलकर सोनीपत का भरपूर विकास करवाएंगे। यह जीत लोगों का कांग्रेस पार्टी की नीतियों में और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विश्वास का परिचायक है। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया, पार्षद रेनू सैनी, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद मोनिका नागर,सुरेंद्र छिक्कारा, अर्जुन दहिया ,युवा जिला अध्यक्ष ललित पंवार,राजेश दहिया, अनिल नागर, प्रवीन सैनी,पूर्व पार्षद राकेश नरवाल,बिन्नी भारद्वाज,प्रिंस सरोहा ,संजय कुमार,रणदीप खोखर,रवि दहिया ,सुमित खंडेलवाल सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर ने गुरुग्राम में 250 बेड्स वाले अस्पताल डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल में 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

**गुरुग्राम।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने गुरुग्राम में 250-बेड वाले हॉस्पिटल फैसिलिटी डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल की 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर दिल्ली एनसीआर में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। मैरिंगो एशिया हेल्थकेयर मान्यता प्राप्त, नैदानिक रूप से मजबूत अस्पतालों का अधिग्रहण या उनके साथ साझेदारी करती है और उसका परिचालन करने के लिए मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स ब्रांड के तहत एकीकृत किया जाता है। यह अस्पताल श्रृंखला टर्शरी और क्वाटर्नरी केयर प्रदान करने, मेडिकल स्पेशियलिटीज में 'उत्कृष्टता केंद्र' बनाने और 'रोगी पहले' दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल एक मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, जो गुरुग्राम के सेक्टर 56 में स्थित है जो गुरुग्राम और दिल्ली के सभी हिस्सों में भी आसानी से पहुँचा जा सकता है।। यह अस्पताल एनएबीएच मान्यताप्राप्त है और स्थानीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के अलावा अंतरराष्ट्रीय रोगियों को भी आकर्षित करता है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप सीईओ डॉ. राजीव सिंघल ने कहा, डब्ल्यू प्रतीक्षा हॉस्पिटल का अधिग्रहण दिल्ली-एनसीआर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के रोगियों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं और उपचार प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। इस हॉस्पिटल फैसिलिटी में हाल ही में 100 से अधिक बेड्स का विस्तार किया गया है, जिससे हम अब अधिक सब-स्पेशियलिटीज और एडवांस्ड उपचार की पेशकश करने में सक्षम होंगे जो मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स समूह की पहचान है।

## यूनिट प्रधान पद के चुनाव के लिए ऊर्जा भवन में हुई मीटिंग

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**यूनिट प्रधान** पद के चुनाव के लिए ऊर्जा भवन में मीटिंग संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विकास मंगल जोनल ऑर्गेनाइजर ने की। मंच का संचालन यूनिट सेक्रेटरी रविंद्र ने किया। इलेक्शन कमेटी में सरकल सेक्रेटरी सरदार तरलोचन सिंह मौजूद रहे उनकी देख रेख में इलेक्शन सिलेक्शन में बदला और सभी सब यूनिटों व यूनिट बॉडी ने भाईचारे और एकता का परिचय देते हुए भाई सुदेश कुमार को यूनिट प्रधान चुना। सुदेश प्रधान ने आश्वासन दिया कि वह कर्मचारियों के इस प्यार और विश्वास को हमेशा बनाए रखेंगे और ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों के लंबित पड़े कार्यों को करवाएंगे। इस मौके पर यूनिट में चेयरमैन हैप्पी पांचाल ने इस कार्यक्रम में उपस्थित इलेक्शन कमेटी, अध्यक्ष व सभी कर्मचारियों का अपने शायराना अंदाज में स्वागत व धन्यवाद कुछ ऐसे किया।

# सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भेदभाव पूर्ण : प्रधान नरेश शास्त्री

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पालिका के सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देने की मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा को भेदभाव पूर्ण बताया है। शास्त्री ने कहा कि नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर लंबे समय से 1000 रुपया स्वच्छता भत्ता देने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है, आंदोलन के मद्देनजर ही मुख्यमंत्री ने पालिका के सफाई कर्मचारियों को 1 हजार रुपये स्वछता भत्ता देने की घोषणा की है। लेकिन प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों, निगम, बोर्ड, कॉरपोरेशंस, यूनिवर्सिटी एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित कर सफाई कर्मचारियों में भेदभाव किया है, सरकार इस भेदभाव को दूर करते हुए प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारियों एवम सीवर मेनो को भी 1 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे। शास्त्री ने सरकार पर वार्ता हीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि विगत 12 फरवरी को मुख्यमंत्री के आवास करनाल पर पालिका कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान जिला प्रशासन करनाल द्वारा जल्द मुख्यमंत्री के साथ बैठक करवाने के लिखित दिए गए आश्वासन को झूठा बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। शास्त्री ने चेतावनी दी है कि जल्द ही बैठक का समय नहीं दिया तो संघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा। शास्त्री ने बताया कि पालिका कर्मचारियों के लगातार आंदोलन के दबाव में हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर के फैसले में मानी गई मांगों के कुछ पत्र जारी किए हैं। लेकिन पालिका परिषद व निगम के अधिकारी इन पत्रों को लागू नहीं कर रहे हैं।

## मांगे न मानी तो शिक्षक संघ करेगा मूल्यांकन बहिष्कार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ मथुरा की एक आवश्यक बैठक प्रांतीय मंत्री डॉ दिनेश सिंह राणा के आवास पर जिला अध्यक्ष मनोज सिंह छौंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय मंत्री डॉ दिनेश सिंह राणा ने विगत दिनों लखनऊ में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बैठक में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया। जिलाध्यक्ष मनोज छौंकर ने कहा कि उपरोक्त लखनऊ में आयोजित बैठक में वहां उपस्थित सभी लोगों से विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि सरकार लगातार शिक्षा और शिक्षकों की

# आश्रम की वृद्ध माताओं ने जमकर खेली फूलों की होली

8 वृद्ध माताओं के जीवन में ना कोई खुशी ना ही कोई चाहत बेरंग हो चुकी जिंदगी में होली ने खुशियों के रंग भरे



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**राधाकुंड** में स्थित मैत्री विधवा आश्रम पर निराश्रित माताओं द्वारा कन्हैया के संग फूलों की होली खेली। विधवा माताओं ने अपने बेरंग जीवन में कन्हैया के साथ रंग और फूल बरसाए जीवन के अंतिम पड़ाव पर वृद्ध माताओं के जीवन में ना कोई खुशी ना ही कोई चाहा बेरंग हो चुकी जिंदगी में होली ने खुशियों के रंग भरे तो विधवा माताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई।एक दूसरे के गालों पर गुलाल लगाया और कन्हैया के ऊपर फूलों की पंखुड़ियां बरसाए मैत्री विधवा आश्रम में रह रही निराश्रित माताओं ने जब होली खेली तो उन्हें ऐसा लगा सारे संसार की खुशियां उन्हें मिल गई। मैत्री विधवा आश्रम में सदियों पुरानी

## जुआ के बडे अड्डे पर बल्देव पुलिस का छापा

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस जुआ के बडे अड्डे पर छापेमारी कर 17 जुआरियों को दोबच लिया। ये लोग दुर्गा पैलेस के अंदर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने फड से 224560, 18 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मौके से मिलीं तीन मोटर साइकिलों को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। सत्यपाल उर्फ छोटू पुत्र दामोदर निवासी नरायन गली थाना महावन, संजीव शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी मोहल्ला इमलियान थाना सादाबाद जिला हाथरस, योगेश कुमार पुत्र लालाराम निवासी असरोही थाना इगलास जिला अलीगढ, बंटी कुमार पुत्र उदयवीर निवासी रुदायन थाना सासनी जिला हाथरस, कन्हैया सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी अवैरनी थाना बलदेव जिला मथुरा, विश्वनाथ पुत्र गिरफ्तार किया है।

# कैंटोनमेंट बोर्ड अंबाला द्वारा फील्ड मार्शल पार्क का किया उद्घाटन

8 इंजीनियर सतीश गुप्ता को उनके कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें कमेंडेशन बैच लगा कर सम्मानित किया



**अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**कैंटोनमेंट** बोर्ड अंबाला द्वारा नवनिर्मित "फील्ड मार्शल के.एम करिअप्पा पार्क" का उद्घाटन जी.ओ.सी-इन-सी वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी पी.वी.एस.एम , वी.एस.एम, एस.एम के कर कमलों द्वारा हुआ। कार्यक्रम में जी.ओ.सी 2 कोर प्रतीक शर्मा , स्टेशन कमांडर एवं छावनी बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर रंजीत सिंह , छावनी बोर्ड कार्यकारी अधिकारी विनीत लोटे , मनोनीत सदस्य अजय बवेजा , ए.ई सतीश गुप्ता , राजस्व सुप्रीडेंट नरेश शर्मा , सैनिटरी सुप्रीडेंट संजय बंसल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जी.ओ.सी-इन-सी वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी ने कैंटोनमेंट बोर्ड अंबाला के इंजीनियर सतीश गुप्ता को उनके कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें कमेंडेशन बैच लगा कर सम्मानित किया।

## संपादकीय


# नई सीएसआर निगरानी नीति की आवश्यकता

भारत दुनिया का इकलौता देश है जहां कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) को कानूनन अनिवार्य बनाया गया है। यह कानून व्यापारिक गतिविधियों से अर्जित धनलाभ में से कुछ भाग को सामाजिक रूप से व्यय करने के प्रावधान करता है। 01 अप्रैल, 2014 से यह कानून लागू है। अब इस कानून और इसके क्रियान्वयन के अनुभवों पर विचार करने की आवश्यकता के नई सीएसआर निगरानी नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। यह कानून हमारे हजारों साल पुराने जीवन दर्शन की बुनियाद पर खड़ा है। यह ऐसी बुनियाद है जहां दान और परोपकार का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमन्दों के लिए विकास और उत्कर्ष के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए होता रहा है। यह कानून सिर्फ भारतीय कंपनियों पर ही लागू नहीं होता है बल्कि उन सभी विदेशी कंपनियों के पर लागू होता है जो भारत में कार्य करती हैं। कानून के अनुसार, एक कंपनी को जिसका सालाना नेटवर्थ 500 करोड़ों रुपये या सालाना इनकम 1000 करोड़ रुपये या वार्षिक मुनाफा 5 करोड़ रुपये का हो तो उसको सीएसआर पर खर्च करना जरूरी होता है। यह खर्च कंपनी के तीन साल के औसत लाभ का कम से कम दो प्रतिशत होना जरूरी है । 2014 से 2021 की अवधि में इस कानून के तहत 126938 करोड़ रुपये धन एकत्रित हुआ। यह रकम शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत विकास, पोषण, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में खर्च की गई। इसमें नीतिगत बदलाव की आवश्यकता इसलिए महसूस की जा रही है क्योंकि देश में इस राशि का वितरण आसमान है। तुलनात्मक रूप में ज्यादा वास्तविक जरूरतमंद क्षेत्रों के लिए इससे कोई खास फायदा नहीं मिल पा रहा है। बेशक कानून इस राशि के व्यय के लिए औद्योगिक इकाइयों के स्थानीय क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है लेकिन यह भी तथ्य है कि भारत में समग्र विकास की गति भौगोलिक रूप से बहुत असमान है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा जैसे राज्य विकास के लगभग सभी संकेतकों पर उत्तर भारत के अन्य राज्यों से अभी भी अग्रणी हैं। सीएसआर के तहत खर्च के आंकड़े इस असमान विकास को कम करने के स्थान पर बढ़ाते नजर आ रहे हैं। अब तक व्यय की गई कुल सीएसआर राशि में 40 फीसदी तो केवल सात राज्यों में ही खर्च हुई है। इसमें पैन इंडिया यानी एक साथ हुए देशव्यापी आवंटन को भी जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा 60 फीसदी हो जाता जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 4023 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र में 18605 करोड़ रुपये ,गुजरात में 6221 करोड़ रुपये ,कर्नाटक में 7160 करोड़ रुपये , तमिलनाडु में 5437 करोड़ रुपये ,आंध्र प्रदेश में 5100 करोड़ रुपये एवं तेलंगाना में 2500 करोड़ रुपये सीएसआर के तहत 2014 से अब तक व्यय किए गए हैं। यह ऐसे राज्य हैं जहां औद्योगिक विकास के साथ मानवीय दृष्टि से भी जीवन स्तर समेत अन्य संकेतक देश के अन्य राज्यों से बेहतर हैं। इन राज्यों की कुल आबादी भी खर्च के अनुपात में समान नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा या पूर्वोत्तर के राज्यों में आधारभूत विकास से लेकर सामाजिक रूप से निवेश की आवश्यकता अत्यधिक है। तथ्य यह है कि 22 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश में गुजरात की तुलना में आधा यानी 3288 करोड़ का फंड ही मिल सका।

# नेतृत्व के मुद्दे पर असमंजस में फंसी भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं”

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है। मगर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के मुद्दे को लेकर लगातार असमंजस में फंसी नजर आ रही है। राजस्थान के आम मतदाताओ को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। इसी दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजस्थान भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना कर प्रदेश की सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया है। राजस्थान में अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान ही विपक्ष के नेता को हटाकर भाजपा आलाकमान ने बता दिया है कि पार्टी राजस्थान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को नए सिरे से पुनर्गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के चलते कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेजा गया है। कटारिया के राज्यपाल बनने से खाली हुए नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी अभी तक किसी का मनोनयन नहीं हुआ है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष बनने की रेस में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, जोगेश्वर गर्ग, अनिता भदेल सहित कई वरिष्ठ विधायक शामिल है। मगर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान को ही करना है। आलाकमान जिसका नाम तय करेगा वही नेता प्रतिपक्ष बनेगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर भाजपा आलाकमान की पसंद के विधायक का ही चयन किया जाएगा। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अभी भाजपा आलाकमान जिसे नेता प्रतिपक्ष बनाएगा। वही अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व संगठन महासचिव बीएल संतोष अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान लगातार कह चुके हैं कि पार्टी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेंगे। चुनाव के बाद विधायकों द्वारा नए नेता का फैसला किया जाएगा। भाजपा आलाकमान की यही बात वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को खटक रही है। उनको लगता है कि जिस तरह से एन चुनाव के पहले गुलाबचंद कटारिया को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। उसी तरह से उनको भी पार्टी में पावर लेस किया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक खेमा बार-बार उनको नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की मनसा से पूरी तरह वाफिक है। इसीलिए किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने से कतरा रही है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा चल रही है। इससे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय बहुत से वरिष्ठ नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। अपनी राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए आलाकमान के राडार पर आए हुए कई भाजपा नेताओं ने तो अंदर खाने दूसरे दलों से भी टिकट लेकर चुनाव लड़ने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक तो खुलकर कह रहे हैं कि हम दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं का पार्टी में स्वागत करेंगे। कुछ दिनों पहले ही डूंगरपुर से भाजपा के विधायक रहे देवेंद्र कटारा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि भाजपा ने 2018 के चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के चलते देवेंद्र कटारा का टिकट काट दिया था। तब कटारा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मात्र 8633 वोट ही प्राप्त किए थे। ऐसे में उनका विशेष जनाधार नहीं बचा है। लेकिन आम आदमी पार्टी तो ऐसे ही नेताओं से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। राजस्थान भाजपा में इस समय कई गुट बने हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि के नेता हैं और प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं। संभ्रांत छवि के कारण उनकी प्रदेश में शालीन छवि मानी जाती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते पूरा संगठन ही उनका है। मगर प्रदेश की राजनीति में इस वक्त उनका गुट बहुत मजबूत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले विधानसभा चुनाव में हारने के बाद लगातार पार्टी में हाशिए पर चली गई है। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यधारा में आकर पार्टी की कमान संभालने का प्रयास कर रही है। मगर आलाकमान उन्हें तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्हें वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर भी प्रस्तुत किया जा रहा है।

मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं। मैंने कहा भगवान सिंह जी इसे समझाओ कि पैसा वापस लौटाए। विदेशों के अंदर पता नहीं कितना पैसा लगा रखा है? इथियोपिया, ऑस्ट्रेलिया और भी पता नहीं कितने देशों में गजेंद्र सिंह का पैसा लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री को यह बात क्लियर करनी चाहिए। क्यों नहीं वह ईडी को जांच दिलवा रहे। गहलोत ने कहा कि सीबीआई तो गजेंद्र सिंह और इन लोगों की जेब में है। संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के घोटाले में गहलोत ने गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा- आप खुद केंद्रीय मंत्री हैं। यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते? अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 4 महीनों पहले आबू रोड के मानपुर धाम का दौरा किया था। उसके बाद बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा के मालासेरी धाम का दौरा किया। फिर दोसा में एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन करने आए। यह सभी क्षेत्र आदिवासी, गुर्जर, मीणा बहुलता वाले क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां कमजोर रही थी। उसी की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं दौरे कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री द्वारा इन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई घोषणा नहीं किए जाने से लोगों में निराशा है।

फिलहाल तो प्रदेश में भाजपा के नेता अपना वर्चस्व जमाने के चक्कर में एक दूसरे को छोटा दिखा रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त इस तरह की हरकतों से भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मगर इन सब से अनजान भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। जो किसी कैडर बेस पार्टी के लिये अच्छी बात नही मानी जा सकती है।

## कविता

### एक शख्स की तलाश में था

वफा की खातिर एक शख्स की तलाश में था वो,  
मुझे देख बगले झांक रहा था वो,

चंद टुकड़ों के लिए बना शातिर,  
अपने को संत समझ रहा था वो,

खुद की शक्ल में दूसरा आदमी था वो,  
मासूम सी शक्ल के पीछे शैतान था वो,

पल में माशा पल में तोला ऐसा क्यो,  
बड़ी मछली बन छोटी को निगल रहा था वो,

खुद की बेटी बेटी है दूसरों की पराई नार,  
पितामह बन दूसरों की बेटियों पर बुरी नजर रखता था वो,

आदमी ऊपर से दिखता तो शरीफ है  
शराफत का चोंगा पहनकर घूमता है वो।

इंसानियत का बड़ा दुश्मन दिखाई देता है,  
आम लोगों को भी बहुत देर से समझ आता है वो।

ईश्वर की लाठी में आवाज नहीं होती,  
ईश्वर के हाथों ही बुरी गति को प्राप्त होता है वो

संजीव ठाकुर

# अशांत पंजाब बड़ी चिंता का विषय

**राजेश माहेश्वरी**

**पंजाब** की हवाओं में अशांति तैरने लगी हे। बीते दिनों वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा कर लिया गया। जिस तरह सडक पर तलवारों, लाठियों और बंदूकों के साथ सिखों का सैलाब देखा गया और उसने अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया, तो लगा कि पंजाब पुलिस बेबस, लाचार और असहाय हो गई है! उसका मनोबल टूट चुका है। पंजाब में बेकाबू हुए हालातों ने देशभर के लोगों का दिल दहला दिया है। 1995 के बाद बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे। अब हाल के वर्षों में पंजाब में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है। खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश. इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही पंजाबी सूबा आंदोलन शुरू हुआ.।1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना. इसके बावजूद खालिस्तान की मांग जारी रही. अलग राज्य नहीं, अलग देश की मांग। 80 के दशक में पंजाब में हिंसक घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। इसके पीछे था, जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे ऑपरेशन ब्लू स्टार में मार गिराया गया। वर्तमान में दुबई से लौटा अमृतपाल सिंह दूसरा भिंडरावाला बनने के संकेत दे रहा है। भिंडरावाला ही उसका आदर्श है। उसने खुद को स्वयंभू खालिस्तानी घोषित कर दिया है। उसने साफ कहा है कि वह भारतीय नहीं है। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद से कानून और व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सिंगर सिद्धू मूसेवाला, डेरा सच्चा सौदा के भक्त से लेकर हिंदूवादी नेता सुधीर सूरी की हत्या की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। ऐसे में अमित शाह की हालात को कंट्रोल से बाहर न जाने देने की बात ये साफ कर रही है कि केंद्र सरकार पंजाब के हालात के प्रति उदासीन नहीं है। खालिस्तानियों ने भी पंजाब में नई सरकार बनने के बाद अपनी गतिविधियां तेज कर दी है जिससे चिंताजनक हालात बन रहे है। लाकप्रीय पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। गौरतलब है कि सिद्धू मूसेवाला को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इसके बावजूद मान सरकार ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली थी। एक दिन पहले ही पंजाब सरकार ने सिद्धू मूसेवाला सहित लगभग 400 लोगों की सुरक्षा व्यवस्था हटाई थी। वह भी बगैर किसी समीक्षा के।

## विचार

# नल से जल पहल, करे सुरक्षित कल

**-प्रियंका सौरभ**

**नीति** आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्त 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है। जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी। पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी।

नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है, जिसमें पाइप, पंप और उपचार संयंत्र शामिल हैं। पहल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग की आवश्यकता होती है, और सरकार को इस पहल के लिए पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पहल की सफलता स्थानीय स्तर पर योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक क्षमता पर भी निर्भर करती है। पानी की आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण चुनौती है, क्योंकि जल स्रोतों के संदूषण और प्रदूषण से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है और पहल की प्रभावशीलता कम हो सकती है। पहल की सफलता पानी के उपयोग, संरक्षण और स्वच्छता प्रथाओं के संदर्भ में लोगों के व्यवहार को बदलने पर भी निर्भर करती है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# अंतिम छोर तक पहुंच मॉडल में भ्रष्टाचारी बाधक हैं

**किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर शासन प्रशासन के सिस्टम का कुशासन रूपी कैंसर भ्रष्टाचार है, जिसकी पीड़ा शायद ही कोई देश होगा, जहां सुशासन को दीमक रूपी कुशासन ने न प्रतिस्थापित किया हो। हर देश के शासन प्रशासन को चलाने के लिए मनीराम प्रमुख होता है जिसकी उत्पत्ति उस देश के करदाताओं द्वारा होती है, जो उनके टैक्स द्वारा दिए गएमनीराम के बल पर सारी नीतियां रणनीतियां क्रियान्वित होती है, जिसके लिए हर देश में उस आने वाले वर्ष के लिए गतवर्ष में ही कर निर्धारण वर्ष के लिए बजट बनाया जाता है, जिसमें कराधान की नीतियां स्ट्रक्चर इत्यादि कोनिर्धारित किया जाता है। इसी बजट में ही सभी वर्गों सहित अंतिम छोर तक बैठे गरीब व्यक्ति के लिए भी योजनाएं शामिल होती है। परंतु बड़े दुर्भाग्य की बात है हम रिचिंग लास्ट माइल की बातें शाब्दिक रूप से बहुत करते हैं, अपने हर संबोधन में हर पार्टी के नेता इसी लास्ट माइल की बात करते हैं। परंतुबदकिस्मती है कि वह लास्ट माइल आज भी जस का तस है, क्योंकि उसे पता ही नहीं चलता कि बजट में उनके लिए क्या है और वह अंदर ही अंदर मिलीभगत से कैंसर रूपी भ्रष्टाचार का शिकार होकर दम तोड़ देता है। इसीलिए हम कह सकते हैं कि अंतिम छोर तक पहुंच मॉडल में भ्रष्टाचारी बहुत बड़े बाधक हैं।हालांकि अंतिमछोर तक पहुंच के लिए ही आकांक्षी जिला कार्यक्रम 500 उपखंड में एक साथ शुरू किया गया है, परंतु कैंसर रूपी भ्रष्टाचार को जब तक जीरो टॉलरेंस नहीं बनाया जाएगा तब तक यह भ्रष्टाचारी हर नीतियों और मॉडल में बाधक सिद्ध होंगे। इसलिए जनता में जागृति फैलाने माननीय पीएम महोदय बजट 2023 में रिचिंग द लास्ट माइल के बजट में किए गए प्रावधानों को इस चौथे वेबीनार के माध्यम से संबोधित किए इसलिए आजहम पीआईबी में उपलब्ध जानकारीकेसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रिचिंग द लॉस्ट माइल। साथियों बात अगर हम 27 फरवरी 2023 को चौथे वेबनार अंतिम छोर तक पहुंच (रिचिंग द लास्ट माइल) में पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने केंद्रीय बजट 2023 में घोषित होने वाली पहलों के कारगर क्रियान्वयन के लिये सुझाव और विचार आमंत्रित करने के क्रम में सरकार द्वारा आयोजित 12 बजट-उपरांत वेबिनारों में से यह चौथा वेबिनार में कहा कि इस वर्ष के बजट में जनजातीय और ग्रामीण इलाकों के अंतिम छोर तक पहुंचने के मंत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## बस मरता एक बार है...

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** मास्टर जी जिंदगी भर पढ़ाने के लिए तरसते रहे। तरसते-तरसते इस दुनिया को अलविदा कह गए। मरते समय उन्होंने एक चिट्ठी लिखी थी। वही उनकी अंतिम निशानी और इच्छा थी। उसमें उन्होंने लिखा - मैं जब मर जाऊँ तो नाक के पास अंगुली लगाकर एक बार देख लेना कि कहीं जीवित तो नहीं हूँ। हाँ यह सब जेब देखने के बाद भी कर सकते हो। मतलब के बाद ही बेमतलब की चीजें करने में समझदारी समझी जाती हैं। मेरी सांसें मोहताज थी किसी की, उसे लेने में कोई शर्म नहीं है और न मुझे देने में। हाँ जेब की चीजें खुद से नहीं दे सकता। एटीएम कार्ड पड़ा है। निकाल लेना। तुरंत जाकर पिन झ्र एक तेरह सात दबा देना। वहीं से तुम्हारा मेरा साथ खत्म हो जाएगा। मुझे पैसों की चिंता नहीं है। चिंता तो मेरी चिता की है। एक अंतिम इच्छा है। हो सके तो पूरा कर देना। मेरे शव को दफनाते समय कफन की बजाय पुराने नोटबुक के कागज, पत्र-पत्रिका के पन्नों से मुझे ओढ़ा देना। कम से कम पढ़ने-लिखने के काम तो आयेंगे। कपड़े का क्या है। चिता को छू जाए तो कफन बन जाता है और जीते जी किसी भूखे-नंगे के बदन को ढक दे तो लाज बनकर शान बन जाता है। कम से कम इसी बहाने जाते-जाते कुछ बच्चों को मुस्कुराने का अवसर तो दूँगा। मैं न मुस्कुरा सका तो क्या हुआ, दुनिया में लाखों रुलाने वालों की तरह मैं उनकी गिनती में शामिल होने से बच जाऊँगा। यही एक पुण्य काफी है इस पापी दुनिया से बच बचाकर निकलने का। मुझे मिट्टी में मत दफनाना। वहाँ बड़ी घुटन होगी। जब तक जमीन पर था अधिकारियों की इसी घुटन का शिकार हुआ। अब सांसे तो क्या घुटना भी घुटने के लिए तैयार नहीं है। मिट्टी में कीड़े-मकौड़े होते हैं। यह धीरे:धीरे शरीर खा जाते हैं। यह उनकी आदत है, जबकि अधिकारियों की इनके विपरीत जल्दी-जल्दी खाने की होती है। इस मामले में कीड़े-मकौड़े बेहतर हैं। हो सके तो शव के साथ एक बस्ता धर देना जिसमें पेंसिल, रबड़, छिलनी के साथ-साथ ऐनक भी हो। सबसे जरूरी मोबाइल रखना बिल्कुल मत भूलना। हो सके तो एक साल का रिचार्ज करवा देना। वरना उबिया जाऊँगा। मैं आप लोगों के हाथ जोड़ता हूँ और पैर पड़ता हूँ कि मुझ पर फूल माला पहनाने की गलती भूल से भी मत करना।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**न्यूज फ्लैश**

## कृषि मंत्री ने केरल में वेगा 2023 प्रदर्शनी का किया निरीक्षण

**देहरादून:** केरल प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को कृषि मंत्री ने केरल के तिरुवनन्तपुरम में कृषि विभाग, केरल की वेगा 2023 के प्रदर्शनी हाल का निरीक्षण किया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक लगाए गए थे। इसमें उत्तराखंड से भी कृषि विभाग के अधीन उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद द्वारा भी स्टाल लगाया गया था। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केरल सरकार में पशुपालन और डेयरी मंत्री जे चिनचुरानी से भी भेंट की और उन्हें सगन्ध से निर्मित उत्पादों का स्मृति चिन्ह भेंट की और उन्हें उत्तराखंड आने का आमंत्रित भी किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न राज्यों के स्टॉलों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यहां पर आकर उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम सभी राज्यों के विभिन्न उत्पादों को देखने का मौका मिला और समझने का अवसर मिला। मंत्री जोशी ने कहा कि मुझे यहां आने का मौका मिला है क्योंकि आज ब्रांडिंग पैकेजिंग और मार्केटिंग का जमाना है। उन्होंने कहा आज हमारे किसान भाई अच्छी पैकेजिंग कर अपने उत्पाद को बाजार में ला रहे हैं आज किसानों को उनके उत्पाद का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने कहा आज हम ऑर्गेनिक की ओर बढ़ रहे हैं इसलिए हमें ऑर्गेनिक की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है।मंत्री जोशी ने आयोजकों को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी और कहा उत्तराखंड के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार एक संकल्प के साथ कार्य कर रही है जब हमारा राज्य 25 वर्ष का होगा तो हम ऑर्गेनिक और मिलेट्स में अपने उत्पाद को दोगुना करेंगे। इस दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के एमडी विनय कुमार भी उपस्थित थे।

## मधुमक्खियों के हमले में नर्सिंग आफिसर घायल

**ऋषिकेश:** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में अपनी सुबह की ड्यूटी करके जौलीग्रांट अपने घर लौट रहे एक नर्सिंग आफिसर पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। देहरादून रोड वन विभाग चौकी के समीप हुई इस घटना के बाद वहां से गुजर रहे वाहन रुक गए। युवक को हिमालयन हास्पिटल जौली ग्रांट में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। आज भोर में होश आने के बाद नर्सिंग आफिसर ने अपने बारे में बताया तब अस्पताल के लोगों को घटना की जानकारी हुई। सोमवार की दोपहर करीब 2.30 बजे एम्स में नर्सिंग आफिसर के पद पर तैनात राहुल नौटियाल (26 वर्ष) निवासी जौली ग्रांट, डोईवाला, देहरादून अपने घर लौट रहा था। देहरादून रोड वनविभाग चौकी से कुछ दूरी पर स्कूटी सवार राहुल नौटियाल पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन वहीं खड़े कर दिए। कुछ लोगों ने इस युवक की मदद करनी चाही, लेकिन मधुमक्खियां कार सवार इन व्यक्तियों के कार में भी घुस गईं। इसके बाद 108 सेवा की मदद से राहुल को हिमालयन हास्पिटल जौलीग्रांट लाया गया। अठुरवाला जौली ग्रांट निवासी राहुल के पिता ओमप्रकाश नौटियाल ने बताया कि हिमालयन हास्पिटल की इमरजेंसी में राहुल के शरीर से चिकित्सकों ने मधुमक्खी के करीब 300 डंक निकालें। उसके कान के भीतर से भी जिंदा मधुमक्खी निकाली गई। उसकी हालत गंभीर बनी है। राहुल को आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

# अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशान : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनी 350 लोगों की समस्याएं, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण का अधिकारियों को निर्देश**

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराने पर भी जोर दिया। गोरखनाथ मंदिर में लहगे जनता दर्शन में दो टूक शब्दों में कहा, "लोग परेशान नहीं होने चाहिए। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की मंशा रखने वालों के इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करें।" योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी करर्वाई करें। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण



समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप होना चाहिए। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में सीएम ने लगभग 350 लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**इलाज में मदद देगी सरकार:** जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन्हें सरकार से इलाज में मदद देने को आश्वस्त किया। इलाज में धन की बाधा नहीं आने देने की बात भी कही।

**गोवंश को खिलाया गुड़-चना:** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया।

## बजट सत्र: तैयारियां जोरों पर-कुलदीप पठानिया



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

**हिमाचल** प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि बजट सत्र के आयोजन को लेकर विधान सभा सचिवालय पूरी तरह से सजग है तथा तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्र के आयोजन में कोई कमी न रहे इस बावत विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग विद्युत तथा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। पठानिया ने कहा कि विशेषकर लोक निर्माण विभाग तथा लोक निर्माण विद्युत के अधिकारी विधान सभा सचिवालय भवन तथा परिसर में चल रहे विकासात्मक तथा मुरम्मत कार्यों में तेजी लायें तथा परिसर को सुन्दर व स्वच्छ बनाने में कोई कोताही न बरतें व समय रहते कार्य पूर्ण करें। गौरतलब है कि 14वीं विधान सभा का दूसरा सत्र 14 मार्च, 2023 से आरम्भ होगा तथा यह सत्र 6 अप्रैल, 2023 तक चलेगा। पठानिया ने कहा कि बजट सत्र के दौरान सदस्यों द्वारा सदन में पूछे जाने वाले प्रश्न भी सदस्यों से प्राप्त हो रहे हैं। पठानिया ने कहा कि यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है तथा सभी सदस्यों को प्रश्नों के माध्यम से तथा सदन में चर्चा के दौरान अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र से सम्बधित समस्याओं को पूरजोर तरीके से उठाना चाहिए तथा सरकार को अपने अनुभव व वरिष्ठता के आधार पर तर्कों सहित बहुमुल्य सुझाव देने का प्रयास करना चाहिए।

## उल्टा चोर कोतवाल को डांटे: कमलनाथ





**भोपाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मध्यप्रदेश में** सत्ता और विपक्ष के बीच जुबानी जंग जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हमलावर स्थिति में हैं और एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। मंगलवार को कमलनाथ ने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए बड़ा हमला बोला है। कमलनाथ ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री शिवराज को घेरते हुए निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि शिवराज जी, कम से कम आप के श्री मुख से लोकतंत्र और संविधान की बातें अच्छी नहीं लगती। सत्ता के लालच में लोकतंत्र का गला घोटने के आप अनुपम उदाहरण हैं। आपकी बातें सुनकर मुझे 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत याद आ जाती है। कमलनाथ ने सवाल साधते हुए कहा कि आप अपने अंतर्मन में झांकने के बजाय दूसरों से सवाल करते हैं। मध्य प्रदेश की जनता आपसे पूछती है कि आपने मुख्यमंत्री कन्या विवाह और

**निशाना साधा**

**शिवराज जी, कम से कम आप के श्री मुख से लोकतंत्र और संविधान की बातें अच्छी नहीं लगती**

निकाह योजना के लाभार्थी नवविवाहित दंपतियों को, जिनके पास पक्का मकान नहीं है, उन्हें रियायती दरों पर पक्का मकान देने की घोषणा की थी। क्या यह योजना भी आपकी झूठ मशीन की भेंट चढ़ गई?

**कांग्रेस झूठ परोसने की दुकान:** इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कांग्रेस और कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यपाल पर कांग्रेस की टिप्पणी को लोकतंत्र की गरिमा गिराने वाली बात बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ परोसने की दुकान है। राज्यपाल संवैधानिक पद है, राज्यपाल जी पर अशोभनीय टिप्पणी कर कमलनाथ जी ने लोकतंत्र की गरिमा गिराने का काम किया है।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रामदूत को चढ़ाया 51 मन लड्डू

**संघ प्रमुख ने रामदूत को चढ़ाया 51 मन लड्डू, मां विंध्यवासिनी से राष्ट्र के उत्थान की कामना कर गए**

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

**विंध्य द**रबार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत मंगलवार की सुबह मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर प्रयागराज प्रस्थान कर गए। सीएम योगी आदित्यनाथ के निमार्णाधीन ड्रीम प्रोजेक्ट को भी देखा और कुछ महत्वपूर्ण जानकारी ली। विंध्याचल के महुआरी कलां स्थित देवरहा बाबा आश्रम पर शिव-शक्ति व भक्ति का समागम दिखा। दरअसल, शक्ति नगरी मां विंध्यवासिनी धाम में काशी विश्वनाथ भगवान शिव की नगरी के कारीगर ने शुद्ध देशी घी के 51



मन लड्डू बनाए और उसे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रामदूत भगवान हनुमान को चढ़ाया। सोमवार की शाम विंध्याचल के महुआरी कला स्थित देवरहा बाबा आश्रम पहुंचे मोहन भागवत ने देवरहा हंस बाबा के सत्संग में बाबा के विचारों को सुना। रात्रि विश्राम कर मंगलवार की सुबह आश्रम स्थित हनुमान मंदिर में 51 मन लड्डू चढ़ा पूजन-अर्चन किया और कैलाश मानसरोवर को शीघ्र भारत वापस लाने व अखंड भारत को विश्वगुरू बनाने की कामना की। साथ ही आश्रम में नवनिर्मित मानस भवन का उद्घाटन किया, फिर मोहन भागवत ने देवरहा हंस बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के चरणों में शीश नवाया। पांच पुरोहितों ने मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक अनिल जी, प्रांत प्रचारक रमेश जी, विभाग प्रचारक परितोष, केशव, शैलेश, संतोष, अनिल, स्वयंसेवक आदि थे।

## पत्नी को डराने के लिए पति ने लगाई फांसी, फंदा कसने से हुई मौत

**कानपुर:** कोहना थाना क्षेत्र में पत्नी ने शराब के लती पति को शराब पीने के लिए मना किया तो उसने डराने के गले में फांसी का फंदा डाल लिया। यह देख पत्नी मिन्नतें करने लगी और इसी बीच संतुलन बिगड़ने से पति के गले में पड़ा फंदा कस गया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुराना कानपुर निवासी 28 वर्षीय अमित दुबे एक क्लीनिक में काम करता था। बीते साल ही 10 फरवरी 2022 को शुक्लागंज निवासी श्वेता से उसकी शादी हुई थी। देर रात अमित नशे की हालत में घर आया तो पत्नी श्वेता ने शराब पीने के लिए मना किया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही पड़ रही भारी

**कुशीनगर/टीम एक्शन इंडिया**

**लगभग** आठ माह पूर्व बनी नगरपालिका की गांधी चौक सुंदरीकरण योजना विद्युत विभाग की लापरवाही से आगे नहीं बढ़ पा रही है। जबकि नगरपालिका ने विद्युत लाइन शिफ्टिंग के लिए 14 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया है। शिफ्टिंग का कार्य न होने से सुंदरीकरण योजना पर नगरपालिका व कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (कसाडा) हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सुंदरीकरण योजना रोडवेज से शुरू होकर गांधी चौक होते हुए अमिय त्रिपाठी चौक तक के लिए बनी है। जिसके लिए विद्युत लाइन व पोल उखाड़कर दूसरी तरफ करना अनिवार्य है।




## सरकारी राशन में प्लास्टिक के चावल मिले

**औरैया/टीम एक्शन इंडिया**

**जिले के** अछल्दा विकासखंड क्षेत्र के गांव ऐली में अजीब-ओ-गरीब मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन के तहत दिए गए चावलों में प्लास्टिक के चावलों की मिलावट की गई है। रुरुगंज चौकी क्षेत्र के ऐली गांव के संदीप, देवेंद्र, विक्रांत, छोटे, सोनू, निशादेवी, वीनू पम्मी, सीमा आदि लोगों का कहना है कि वे सरकारी राशन की दुकान से बीते रविवार को चावल लेकर आए थे। महिला सीमा ने बताया कि मंगलवार की सुबह चावल पकाने के पूर्व चावल बिन कर साफ करने लगीं, तो



उसमें भिन्न चावल दिखाई दिया, जो सफेद और उससे मोटा था। शक होने पर चावल के दाने को दांतों के बीच रखा तो उसमें कुछ अलग से अंतर लगा और वह फट गया। उसे सिल पर पिसा तो वह पिसा नहीं। उसने पांच किलो चावल में सौ ग्राम तक प्लास्टिक के दाने वाला चावल निकला। इसके बाद चावलों को देखा गया तो वे प्लास्टिक के दाने थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन के तहत दिए जा रहे चावलों में प्लास्टिक के चावलों की मिलावट कर कोटेदार द्वारा दिया जा रहा है। मामले में ऐली गांव के सरकारी राशन डीलर मुस्तकीम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जो सरकारी चावल आया है वही वितरण किया जा रहा है इसमें क्या कमी है इसकी जानकारी नहीं है।

**प्रतिमा का अनावरण** प्रतिमा का अनावरण 2023 आईसीसी विश्व कप के दौरान किया जाएगा।

## वानखेड़े स्टेडियम में लगेगी सचिन की आदमकद प्रतिमा

**मुंबई/टीम एक्शन इंडिया**

**प्रशंसकों** को जल्द ही वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर की आदमकद प्रतिमा देखने को मिलेगी। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले ने मंगलवार को इस खबर की घोषणा की। प्रतिष्ठित स्टेडियम में किसी खिलाड़ी की प्रतिमा स्थापित करने का यह पहला उदाहरण होगा। प्रतिमा का अनावरण 2023 आईसीसी विश्व कप के दौरान किया जाएगा। इसे एमसीए लाउंज के बाहर गोलाकार प्लेटफॉर्म पर खड़ा किया जाएगा।



एमसीए वानखेड़े में मास्टर ब्लास्टर का स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है और प्रतिमा उत्सव का एक हिस्सा है। देश भर के क्रिकेट स्टेडियमों में, कुछ ही आदमकद मूर्तियाँ हैं। अब तक पूर्व भारतीय कप्तान कर्नल सीके नायडू की केवल तीन अलग-अलग प्रतिमाएं

**सम्मान**

**मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले ने मंगलवार को इस खबर की घोषणा की**

स्थापित की गई हैं। वे इंदौर में होल्कर स्टेडियम, नागपुर में विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम और आंध्र में वीडीसीए स्टेडियम में स्थित हैं। मास्टर ब्लास्टर एमसीए में अमोल काले के साथ मौजूद थे और पत्रकारों से बातचीत की।

सचिन ने कहा, "यह फैसला मेरे लिए एक सुखद आश्चर्य है, 1998 में यह सब वानखेड़े में शुरू हुआ था। मेरे लिए यात्रा यहीं से शुरू हुई थी। मैंने अपना पहला रणजी मैच यहीं खेला था। बहुत पहले, आचरेकर सर ने मुझे यहाँ फटकार लगाई थी और उसके बाद से मैं एक गंभीर क्रिकेटर बन गया। मैंने अपना आखिरी मैच इसी स्थान पर खेला था। यहां मेरे लिए जीवन पूरी तरह से बदल गया है। मेरे पास इस जगह की अद्भुत यादें हैं, कुछ यादगार और कुछ बहुत अच्छी नहीं। यह मेरे लिए एक बड़ा क्षण है।"